तापमान

अधिकतम 43 .1 डिग्री
न्यूनतम 24 .7 डिग्री

# हरिभूमि जीटी रोड भूमि

रोहतक, शुक्रवार 5 जून 2026



14 दो कॉलोनियों में पानी की निकासी के लिए योजना .



14 आईटीआई होली में राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी दिवस ..




## खबर संक्षेप

### डॉ. जितेंद्र शर्मा को जूलॉजी विभाग के अध्यक्ष का प्रभार

**थानेसर।** कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रो. सोमनाथ सचदेवा ने विश्वविद्यालय अधिनियम एवं संविधि, 1986 की धारा 11(5) के तहत कार्यकारिणी परिषद की मंजूरी से बायो-टेक्नोलॉजी विभाग के वरिष्ठ प्रोफेसर और फार्मास्युटिकल साइंसेज संकाय के डीन प्रो. जितेंद्र शर्मा को तत्काल प्रभाव से जूलॉजी विभाग के अध्यक्ष का कार्यभार आगामी आदेशों तक सौंपा है। यह जानकारी लोक सम्पर्क विभाग के निदेशक प्रो. महासिंह पूनिया ने दी। उन्होंने बताया कि प्रो. जितेन्द्र शर्मा आगामी आदेशों तक अपने मौजूदा कर्तव्यों के साथ-साथ इस नए पद की जिम्मेदारी भी संभालेंगे।

### व्यक्ति के बैग से एक लाख रुपये चोरी

**यमुनानगर।** शहर के भगत सिंह चौक से बस स्टैंड के बीच मुखर्जी पार्क निवासी राकेश वर्मा के बैग से अज्ञात ने एक लाख रुपये चोरी कर लिए।



पुलिस ने मामले की जांच के बाद अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज कार्रवाई शुरू कर दी। राकेश वर्मा ने शहर यमुनानगर पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह बुधवार को सुबह साढ़े 10 बजे बैग लेकर शहर के भगत सिंह चौक से बस स्टैंड जा रहा था। उसके बैग में एक लाख रुपये की नकदी थी। इस दौरान अज्ञात ने उसका बैग खोलकर उसमें से पैसे चोरी कर लिए। कुछ देर बाद उसे बैग की जिप खुली मिली। जब उसने जांच की तो उसमें से पैसे गायब थे। यह देखकर वह हैरान रह गया। उसने मामले की सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने मामले की जांच के बाद अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

### युवक के साथ मारपीट आरोपी पर केस दर्ज

**यमुनानगर।** गांव चूड़ियाले का माजरा भंभोली में कहासुनी होने पर एक व्यक्ति ने गांव के मनीष के साथ मारपीट कर उसे जाति सूचक शब्द बोले। पुलिस ने मामले की जांच के बाद आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। गांव चूड़ियाले का माजरा निवासी मनीष ने थाना छप्पर पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसकी कमल के साथ किसी बात को लेकर कहासुनी हो गई थी। इस दौरान आरोपी ने उसके साथ मारपीट की और उसे जाति सूचक शब्द बोले। उसके विरोध करने पर आरोपी ने उसे जान से मारने की धमकी दी। उसने आरोपी के खिलाफ पुलिस में शिकायत दी। पुलिस ने मामले की जांच के बाद आरोपी कमल के खिलाफ मारपीट व एससी एसटी एक्ट के तहत केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

### बराड़ा में 28 मई को बुजुर्ग महिला से लूटपाट करने वाले दो आरोपी गिरफ्तार

# फ्लाईओवर पर पुलिस और बदमाशों में मुठभेड़, दो आरोपियों के पैरों में लगी गोली

- आरोपियों के कब्जे से दो देशी तमंचे बरामद, घायल बदमाश सीएचसी में भर्ती
- वारदात का मास्टरमाइंड दिलीप सिंह फरार, गिरफ्तारी के लिए छापेमारी जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बराड़ा

फ्लाईओवर के निकट पुलिस और सीआईए नारायणगढ़ की बदमाशों के साथ हुई मुठभेड़ में दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया। मुठभेड़ के दौरान पुलिस की जवाबी कार्रवाई में दोनों आरोपियों के पैरों में गोलियां लगी हैं। इसके बाद उन्हें उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) में भर्ती कराया गया। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से दो देशी तमंचे भी बरामद किए हैं। आरोपियों पर एक बुजुर्ग महिला से लूटपाट का आरोप है। सीआईए नारायणगढ़ को सूचना मिली थी कि 28 मई को यहां की करनाल कॉलोनी में 70 वर्षीय विद्या देवी के घर में घुसकर लूटपाट और स्नेचिंग की वारदात को अंजाम देने वाले आरोपी क्षेत्र में घूम रहे हैं। ये आरोपी किसी अन्य अपराध की योजना बना रहे हैं। सूचना मिलते ही पुलिस ने फ्लाईओवर और रेलवे पुल के पास नाकाबंदी कर घेराबंदी की।



बराड़ा। अस्तपाल में स्ट्रेचर पर लेटे दोनों घायल बदमाश। फोटो : हरिभूमि

पुलिस के अनुसार खुद को चारों ओर से घिरा देख आरोपियों ने भागने का प्रयास किया। पुलिस टीम पर फायरिंग करने की कोशिश की हालांकि उनके हथियारों से गोली नहीं चल सकी। इसके बाद पुलिस द्वारा की गई जवाबी कार्रवाई में दोनों आरोपियों के पैरों में गोलियां लगी। वे घायल होकर मौके पर ही गिर पड़े। पुलिस ने तत्काल दोनों को काबू कर लिया। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान उत्तर प्रदेश के 28 वर्षीय उधम सिंह तथा 19 वर्षीय ऋतिक के रूप में हुई है। इस वारदात का मुख्य आरोपी और मास्टरमाइंड दिलीप सिंह अभी पुलिस गिरफ्त से बाहर है। उसकी तलाश में लगातार छापेमारी की जा रही है।

### पिस्तौल की बट से हमला कर घायल कर दिया था

28 मई की शाम करनाल कॉलोनी की विद्या देवी अपने घर के पोर्च में बैठी थीं। इसी दौरान बाइक पर सवार तीन नकाबपोश युवक घर में घुस आए और महिला के कानों से सोने की बालियां तथा अंगूठी छीन ली। जब चूड़ियां उतारने में असफल रहे तो आरोपियों ने पिस्तौल की बट से हमला कर उन्हें घायल कर दिया। पुलिस जांच में सामने आया है कि वारदात का मास्टरमाइंड दिलीप सिंह उत्तर प्रदेश का रहने वाला है। पूर्व में सहारनपुर जेल में बंद रह चुका है। उसकी मुलाकात जेल में ही ऋतिक और उधम सिंह से हुई थी। तीनों ने वहीं बैठकर लूटपाट की योजना बनाई थी। बाद में दिलीप दोनों को अपने साथ यहां लेकर आया। पुलिस के अनुसार तीनों आरोपी उधम सिंह की मोटरसाइकिल पर सवार होकर वारदात को अंजाम देने पहुंचे थे। पहचान छिपाने के लिए उन्होंने पगड़ी धारण कर रखी थी। उसी वेश में घटना को अंजाम दिया।

### दी जा रही दबिश

नाकाबंदी कर आरोपियों को पकड़ने का प्रयास किया गया। आरोपियों ने पुलिस पर फायरिंग करने की कोशिश की, जिसके बाद हुई मुठभेड़ में दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया। दोनों के पैरों में गोली लगी है। तीसरे आरोपी दिलीप सिंह की गिरफ्तारी के लिए पुलिस की टीमें लगातार दबिश दे रही हैं। -**सुरेश कौशिक**, डीएसपी

# सीएम आज करेंगे आयुष विवि के बहुउद्देशीय सभागार का लोकार्पण

*8 करोड़ की लागत से बनने वाले महिला छात्रावास का भी रखेंगे शिलान्यास*

- स्वास्थ्य मंत्री आरती राव, सांसद नवीन जिंदल समेत कई गणमान्य रहेंगे मौजूद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी शुक्रवार को श्रीकृष्ण आयुष विश्वविद्यालय में 9 करोड़ रुपये की लागत से बने परीक्षा एवं बहुउद्देशीय सभागार का लोकार्पण करेंगे तथा करीब 8 करोड़ रुपये की लागत वाले महिला छात्रावास का शिलान्यास करेंगे। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलगीत का भी विमोचन होगा। कार्यक्रम में आरती राव, नवीन जिंदल और सुभाष सुधा विशेष अतिथि रहेंगे। कुलपति प्रो. वैद्य करतार सिंह धीमान ने बताया कि मुख्यमंत्री पौधारोपण भी करेंगे। कार्यक्रम की सभी तैयारियां अंतिम चरण में हैं।



कुरुक्षेत्र। श्रीकृष्ण आयुष विश्वविद्यालय में तैयारियों का जायजा लेते कुलपति प्रो. वैद्य करतार सिंह धीमान।


### कुरुक्षेत्र: नाबालिग से गलत काम करने वाले डॉक्टर के खिलाफ आज प्रदर्शन

**कुरुक्षेत्र।** सरकारी अस्पताल कुरुक्षेत्र में गत 31 मई को 15 वर्षीय नाबालिग लड़की के साथ डॉक्टर शैलेंद्र शर्मा शैली द्वारा किए गए गलत काम के खिलाफ कुरुक्षेत्र की जनता और विभिन्न संगठनों में भारी आक्रोश है। इस शर्मनाक घटना के खिलाफ सेंटर ऑफ इंडियन ट्रेड यूनियंस, जनवादी महिला समिति, रिटायर्ड कर्मचारी संघ, एसएफआई, एआईएलयू, सर्व कर्मचारी संघ आदि संगठनों ने कल प्रदर्शन का आह्वान किया है। पीड़ित बेटी को न्याय दिलाने और आरोपी डॉक्टर को सख्त से सख्त सजा सुनिश्चित दिलाने के लिए 5 जून 2026 को सुबह 10:00 बजे कुरुक्षेत्र के बिरला मंदिर पर एक विशाल विरोध प्रदर्शन का आयोजन किया जाएगा। सीटू की जिला संयोजक रानी देवी ने बयान जारी करते हुए कहा कि उक्त आरोपी डॉक्टर पर पहले भी इस तरह के गंभीर मामले दर्ज थे।

## किराये के 250 रुपये मांगने पर ई-रिक्शा चालक पर ईंटों से हमला, नाक की हड्डी टूटी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

जगाधरी क्षेत्र में किराये के 250 रुपये को लेकर हुए विवाद में एक ई-रिक्शा चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। आरोपी महिलाओं द्वारा ईंट से हमला किए जाने पर चालक की नाक की हड्डी में फ्रैक्चर आ गया। घायल का उपचार सिविल अस्पताल में चल रहा है।जानकारी के अनुसार, जगाधरी निवासी सतनाम सिंह ई-रिक्शा चलाता है। दो दिन पूर्व बस स्टैंड के पास दो महिलाओं ने रेलवे स्टेशन से आगे नए पुल तक जाने के लिए उसका ई-रिक्शा बुक किया था, जिसमें 250 रुपये किराया तय हुआ था। रास्ते में रामपुरा के पास दोनों महिलाएं उतरकर यह कहकर चली गईं कि वे थोड़ी देर में लौटेंगी, लेकिन वापस नहीं आईं।बाद में बुधवार रात अग्रसेन चौक के पास सतनाम सिंह को वही महिलाएं दिखाई दीं। उसने उनसे किराये के पैसे मांगे तो विवाद शुरू हो गया। मौके पर मौजूद लोगों ने बीच-बचाव कर 150 रुपये देने पर सहमति बनवाई, लेकिन विवाद फिर बढ़ गया। महिला ने चालक को पकड़ लिया, जबकि दूसरी ने सड़क से ईंट उठाकर उसके चेहरे पर मार दी। घायल चालक को पुलिस ने सिविल अस्पताल पहुंचाया, जहां उसकी नाक में फ्रैक्चर की पुष्टि हुई। पुलिस ने शिकायत दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।



घायल चालक का इलाज सिविल अस्पताल में चल रहा है

### नौल्था: कबाड़ गोदाम में आग, भारी नुकसान

**पानीपत।** इसराना थाना क्षेत्र के गांव नौल्था स्थित इंदिरा कॉलोनी में एक कबाड़ गोदाम में देर रात शॉर्ट सर्किट के कारण आग लग गई। आग इतनी तेजी से फैली कि गोदाम में रखा अधिकांश सामान जलकर नष्ट हो गया। गोदाम मालिक बहादुर के परिवार के अनुसार रात करीब एक बजे पड़ोसियों ने आग की सूचना दी। इसके बाद तुरंत पुलिस और अग्निशमन विभाग को सूचना दी गई। फायर ब्रिगेड की टीम ने मौके पर पहुंचकर आग पर काबू पायाए लेकिन तब तक लाखों रुपये मूल्य का सामान जल चुका था। आग की वजह से गोदाम की लकड़ी और छत का ढांचा भी क्षतिग्रस्त हो गया। पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

## बारदाने की कमी पर वेयरहाउसिंग निगम के जिला प्रबंधक निलंबित

- अंबाला अनाज मंडी में किसानों व आढ़तियों को हुई थी दिक्कत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

उपायुक्त अजय सिंह तोमर ने बताया कि अंबाला कैंट अनाज मंडी में बारदाने की कमी के चलते हरियाणा स्टेट वेयरहाउसिंग कॉरपोरेशन ने जिला प्रबंधक (डीएम) पीके गुप्ता को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। बता दें कि अम्बाला कैंट अनाज मंडी में बारदाने की कमी से किसानों एवं आढ़तियों को हुई परेशानियों को गंभीरता से लेते हुए जिला प्रशासन द्वारा मामला हरियाणा राज्य भंडारण निगम के उच्च अधिकारियों के संज्ञान में लाया गया था। इसके चलते जिला प्रशासन की सिफारिश के आधार पर जिला प्रबंधक पीके गुप्ता को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। उपायुक्त ने कहा कि किसानों की फसल खरीद और उठान कार्य में किसी प्रकार की लापरवाही या बाधा को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। मंडियों में बारदाना, उठान और अन्य व्यवस्थाएं सुचारू रूप से संचालित हों, इसके लिए प्रशासन लगातार निगरानी कर रहा है। उपायुक्त तोमर ने कहा कि सरकार किसानों के हितों के प्रति पूरी तरह प्रतिबद्ध है और मंडियों में किसी भी प्रकार की अव्यवस्था पाए जाने पर जिम्मेदार अधिकारियों के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

## एंटी व्हीकल थेफ्ट सेल की टीम ने चोर को किया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

एंटी व्हीकल थेफ्ट सेल की टीम ने नाकाबंदी के दौरान एक चोर को चोरी की बाइक के साथ गिरफ्तार किया है। पूछताछ के दौरान आरोपी ने बाइक व गांव बक्करवाला के खेतों से मोटर चोरी का खुलासा किया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर उसे अदालत में पेश किया। जहां से उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। सेल के इंचार्ज राजेश कुमार ने बताया कि उनकी टीम को गुप्त सूचना मिली थी कि एक युवक चोरी की बाइक को लेकर ताजेवाला होते हुए जाएगा। इस सूचना के आधार पर मुख्य सिपाही हरविलास, रविंदर, योगेश, नरेश व जितेंद्र के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया गया। टीम ने मौके पर जाकर नाकाबंदी कर वाहनों की जांच शुरू कर दी। कुछ देर बाद एक युवक बाइक में आता दिखाई दिया। टीम ने उसको रोककर जांच की तो उनके पास से चोरी की बाइक बरामद हुई। पूछताछ में जिसकी पहचान गांव टिब्बी अराइयां निवासी जयकुमार उर्फ गोल्डी के नाम से हुई।

## 8.19 ग्राम हेरोइन व 650 नशीले कैप्सूल के साथ पकड़ा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

सीआईए टू पुलिस टीम ने गांव भवानीपुर मोड़ के पास से एक युवक को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 8.19 ग्राम हेरोइन व 650 प्रतिबंधित नशीले कैप्सूल बरामद किए हैं। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर उसे अदालत में पेश किया। जहां से उसे रिमांड पर लिया गया है। सीआईए टू पुलिस टीम में तैनात पीएसआई रजत शर्मा ने बताया कि वह शाम को टीम के साथ गश्त कर रहा था। इस दौरान टीम को सूचना मिली थी कि गांव भवानीपुर मोड़ के पास एक युवक संदिग्ध परिस्थितियों में घूम रहा है। आरोपी नशीला पदार्थ बेचने की फिराक में है। संदिग्ध परिस्थितियों में घूम रहे युवक को हिरासत में लेकर उसकी तलाशी ली तो उसके पास से 8.19 ग्राम हेरोइन व 650 प्रतिबंधित नशीले कैप्सूल बरामद हुए। जिनकी कीमत करीब 54 हजार रुपये है। पूछताछ के दौरान आरोपी की पहचान गांव ज्ञानेवाला निवासी हर्ष कमल के रूप में हुई।

### घरौंडा के हरिसिंहपुरा में महिला ने फंदा लगाकर दी जान

**घरौंडा।** करनाल जिले के घरौंडा थाना क्षेत्र के गांव हरिसिंहपुरा में एक महिला ने देर रात फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना के समय परिवार के लोग घर के बाहर सो रहे थे। सुबह जब महिला का पति अंदर गया तो वह फंदे पर लटकी मिली। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए करनाल के मोर्चरी भेजा गया है। मृतका की पहचान गन्नौर की 27 वर्षीय मीनाक्षी के रूप में हुई है। उसकी पहले शादी हुई थी, लेकिन बाद में तलाक हो गया था।

## विदेश भेजने के नाम पर 30 लाख की ठगी, आरोपी गिरफ्तार

**अंबाला।** पुलिस ने विदेश भेजने के नाम पर लाखों रुपये हड़पने के मामले में आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान हरभजन सिंह वासी हरशद पट्टी पंजोखरा के रूप में हुई है। जांच अधिकारी सहायक उप निरीक्षक रवीश कुमार ने बताया कि कि शिकायतकर्ता रवि कुमार वासी गांव देवीदास पुरा कुरूक्षेत्र ने 19 मई 2026 को शिकायत दी थी कि 26 फरवरी 2026 से 27 अप्रैल 2026 के बीच आरोपी हरभजन सिंह व अन्य ने सनफ्लाई ओवरसीज जलबेहड़ा रोड स्थित कार्यालय पर उसे व उसकी बहन को विदेश भेजने का झांसा देकर उससे 30 लाख रूपये हड़प लिए। आरोपी ने न तो उन्हें विदेश भेजा और न ही पैसे वापिस किए। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने साक्ष्यों और गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए मामले में संलिप्त आरोपी हरभजन सिंह को गिरफ्तार किया।



### जिंदल पार्क में पांच दिवसीय मोटापा एवं घुटना रोग निवारण योग शिविर शुरू

# भारत में हैं दुनिया के 20% मोटापा रोगी : गुलशन

- 2050 तक भारत में मोटापा रोगियों की संख्या 44 करोड़ पहुंचने की आशंका
- योग, प्राणायाम और संतुलित जीवनशैली को बताया मोटापे से बचाव का उपाय

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

आधुनिक युग में पूरे विश्व में मोटापा एक प्रमुख समस्या बन चुकी है। वर्ल्ड हेल्थ ऑर्गेनाइजेशन की रिपोर्ट के अनुसार वर्तमान में पूरे विश्व में 2.5 अरब से अधिक वयस्कों का वजन सामान्य से अधिक है। मोटापे की श्रेणी में आने वाले लोगों की कुल संख्या लगभग 90 करोड़ है । अकेले भारतवर्ष में मोटापे की श्रेणी में आने वाले वयस्कों की संख्या विश्व की कुल संख्या का 20% यानी 18 करोड़ के लगभग है जिसके सन 2050 तक बढ़कर 44 करोड़ होने की संभावना है। यह जानकारी भारतीय योग संस्थान पंजीकृत दिल्ली की हरियाणा प्रांत इकाई के संगठन मंत्री गुलशन कुमार ग्रोवर ने कृष्ण योग जिला के तत्वावधान में जिंदल पार्क, झांसा रोड़ में आयोजित पांच दिवसीय निशुल्क योग द्वारा मोटापा एवं घुटना रोग निवारण शिविर के शुभारंभ अवसर पर उपस्थित साधकों को संबोधित करते हुए दी । शिविर का शुभारंभ मुख्य अतिथि गुलशन कुमार ग्रोवर, जिला प्रधान देवी दयाल सैनी, उप प्रधान श्याम पराशर, प्रचार मंत्री सतीश शर्मा, जोन मंत्री लक्ष्मण, केंद्र प्रमुख दीपक, सत प्रकाश व राजकुमार सहित सभी अतिथियों व अधिकारियों ने दीप प्रज्ज्वलित कर गायत्री मंत्र उच्चारण के साथ किया ।



कुरुक्षेत्र। शिविर में योग साधना करते भारतीय योग संस्थान के साधक गण। फोटो : हरिभूमि

### अनियमित दिनचर्या और खानपान से बढ़ रहा मोटापा

गुलशन कुमार ग्रोवर, सुरेश कुमार अरोड़ा व अन्य प्रशिक्षित योग शिक्षकों ने मोटापा रोगियों के लिए विशेष प्रकार की सूक्ष्म क्रियाओं, योगासनों, हास्यासन, प्राणायाम, मुद्राओं व ध्यान साधना का अभ्यास निषेध, सही विधि व लाभ बता कर करवाया। देवी दयाल सैनी एवं दीपक ने सभी योग क्रियाओं का सुंदर प्रदर्शन किया। गुलशन ग्रोवर ने बताया कि हमारी निष्क्रीय दिनचर्या, दूषित खान पान, अधिक सुख सुविधाओं व धन कमाने के प्रति होड़, संस्कार रहित जीवन शैली व अन्य कई कारणों से समाज में मोटापा सभी वर्ग के लोगों में बहुत तेजी से बढ़ रहा है। उन्होंने सेब व नाशपाती के आकार के मोटापे के बारे में भी बताया। उन्होंने आगे बताया कि शरीर में अधिक वसा के कारण चर्बी वाली कोशिकाओं अर्थात एडिपोसाइट्स की संख्या अधिक हो जाने व उनका आकार बढ़ने से मोटापा तेजी से बढ़ने लगता है। अनुवांशिक कारणों से भी मोटापा बढ़ता है । मोटापे के रोगी को अन्य भी कई प्रकार के रोग घेर लेते हैं।

## कलेसर जंगल में अवैध कटाई: खैर की लकड़ी के साथ आरोपी गिरफ्तार

- वन जीव विभाग की टीम ने आरोपी को अदालत में पेश कर शुरू की कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

वन्य जीव विहार कलेसर के टिबड़ियां जंगल से अवैध रुप से खैर की लकड़ी काटने के आरोप में वन जीव विभाग की टीम ने एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। आरोपी को वन जीव विभाग की टीम ने अदालत में पेश कर कार्रवाई शुरू कर दी।

जिला वन अधिकारी संदीप सैनी ने बताया कि उप वन रक्षक सुशील कुमार व वन दरोगा हरीश के नेतृत्व में वन विभाग की टीम जंगल में गश्त पर थी। इसी दौरान टीम ने टिबड़ियां जंगल क्षेत्र में अवैध रूप से खैर के पेड़ों की कटाई की सूचना मिली। सूचना मिलते ही टीम ने दबिश दी तो वहां से एक व्यक्ति अवैध रुप से खैर की लकड़ी काटकर ले जाते हुए मिला। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। जबकि उसके अन्य साथी मौके से फरार हो गए। पूछताछ में पकड़े गए आरोपी की पहचान टिबड़ियां क्षेत्र के निवासी के रुप में हुई है। जिला वन अधिकारी संदीप सैनी ने बताया कि वन जीव विभाग की टीम ने प्रारंभिक जांच में पाया कि आरोपियों द्वारा संरक्षित वन क्षेत्र में अवैध रूप से खैर के पेड़ों की कटाई की गई थी। गिरफ्तार आरोपी से पूछताछ के दौरान उसके अन्य साथियों के संबंध में भी महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त हुई है। फरार आरोपी टिबड़ियां क्षेत्र के निवासी बताए जा रहे हैं।



यमुनानगर। वन जीव विभाग की टीम द्वारा जंगल से खैर की लकड़ी काटने के आरोप में गिरफ्तार किया गया आरोपी। फोटो : हरिभूमि

## रेडक्रॉस सोसायटी ने गांव बरौली व चिंतपुर में लगाया बेसिक प्राथमिक सहायता एवं सीपीआर जागरूकता प्रशिक्षण शिविर

# प्राथमिक चिकित्सा व सीपीआर का सभी को ज्ञान होना जरूरी : धीमान

**दुर्घटना के तुरंत बाद का समय बहुत ही महत्वपूर्ण होता है, ऐसे वक्त में घायल को उचित प्राथमिक सहायता दी जाए तो उसके बचने की संभावना बढ़ जाती है**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

जिला रेडक्रॉस सोसायटी के तत्वावधान में संभावित बाढ़ ग्रस्त क्षेत्र के गांव बरौली माजरा व चिंतपुर में प्राथमिक सहायता एवं सीपीआर जागरूकता प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर की अध्यक्षता रेडक्रॉस सोसायटी के कार्यकारी सचिव संजीव धीमान ने की।

उन्होंने बताया कि उपायुक्त एवं रेडक्रॉस समिति की प्रधान

◆ शिविर की अध्यक्षता रेडक्रॉस सोसायटी के कार्यकारी सचिव ने की

प्रीति के निर्देशानुसार यमुनानगर के संभावित बाढ़ ग्रस्त गांवो में आमजन की सुरक्षा के मद्देनजर रेडक्रॉस सोसायटी एवं एवं सिविल डिफेंस माध्यम से ग्रामवासियों को निरूशुल्क प्राथमिक सहायता एवं सीपीआर का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। प्राथमिक चिकित्सा व सीपीआर का ज्ञान सभी को होना चाहिए। एक प्रशिक्षित व्यक्ति ही दुर्घटना में घायल व्यक्ति के प्राणों की रक्षा करने में मददगार हो सकता है।

इसी कड़ी में छछरौली के गांव बरौली माजरा व व्यासपुर के चिन्तपुर में प्रशिक्षण शिविर का आयोजन करके यह जीवन रक्षक प्रशिक्षण दिया गया। मौके पर जिला प्रशिक्षण अधिकारी शशी भूषण ने बताया कि दुर्घटना के तुरंत बाद का समय बहुत ही महत्वपूर्ण होता है। यदि उसमें घायल व्यक्ति को उचित प्राथमिक सहायता प्रदान कर दी जाए तो उसके बचने की सभांवना बढ़ जाती है। जिला प्रशासन एवं रेडक्रॉस सोसायटी द्वारा यह प्रशिक्षण निःशुल्क दिया जा रहा है । इसलिए उन्होंने ग्रामीणों से अधिक से अधिक संख्या में इस प्रशिक्षण का लाभ प्राप्त किए जाने की अपील की। मौके पर प्रशिक्षित प्राथमिक सहायता प्रवक्ता विरेन्द्र कुमार व राजेश सैनी मौजूद रहे।


यमुनानगर। गांव बरौली माजरा में ग्रामीणों को प्रशिक्षण देते रेडक्रॉस सोसायटी के अधिकारी। फोटो : हरिभूमि

## अफसरों को संभावित बाढ़ के खतरों से निपटने के उपायों के बारे में दिए निर्देश

# मानसून सीजन से पहले नालों की सफाई का कार्य करें पूरा : उपायुक्त

**सिंचाई विभाग के अधिकारियों की उपायुक्त कार्यालय में हुई बैठक, ठोकरों की तत्काल मरम्मत करने के आदेश**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

मानसून के दौरान जिला में संभावित बाढ़ के खतरों से निपटने के लिए उपायुक्त कार्यालय में सिंचाई विभाग व संबंधित अधिकारियों की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता उपायुक्त प्रीति ने की। उन्होंने बैठक में बाढ़ से निपटने के लिए अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

उपायुक्त प्रीति ने कहा कि आपदा के समय आपसी समन्वय से जानमाल की बेहतरीन सुरक्षा की जा सकती है। साहस और सूझबूझ के साथ साथ दक्षता से अमूल्य जीवन को बचाया जा सकता है। उन्होंने सभी एसडीएम को निर्देश दिए कि बाढ़ बचाव को लेकर सिंचाई विभाग द्वारा स्टोन स्टड के जो भी कार्य करवाएं जा रहे हैं उनका नियमित निरीक्षण करें। उन्होंने सिंचाई विभाग के अधीक्षक अभियंता को निर्देश दिए कि यमुना नदी के किनारे पर घोड़ो पीपली व टापू कमालपुर में हो रहे बाढ़ राहत कार्यों में कोई कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। ग्रामीण स्तर पर कमेटी बनाई जाए जो कार्यों की निगरानी करेंगी। बाढ़ बचाव कार्यों में तेजी लाए तय समय सीमा में कार्य पूर्ण हो। किसी प्रकार की दिक्कत होने पर संबंधित एसडीएम से समन्वय स्थापित करें।

उपायुक्त प्रीति ने सिंचाई विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे सोमनदीए पथराला नदी व यमुना नदी सहित जरूरत की जगहों पर ठोकरों व तटबंधों की सुरक्षा पुख्ता करें। समय रहते नालों की सफाई का कार्य कर लें। यदि सड़कों एवं आने जाने वाले रास्तों में कोई गड्ढा वगैरह है तो उसे तुरन्त बन्द किया जाए। उन्होंने कहा कि सिंचाई विभाग पानी की निकासी के लिए पम्प तैयार रखें।


यमुनानगर। उपायुक्त कार्यालय में संभावित बाढ़ के खतरों से निपटने के लिए आयोजित बैठक में अधिकारियों को दिशा निर्देश देतीं डीसी प्रीति। फोटो : हरिभूमि

### कम्युनिकेशन सिस्टम सही ढंग से करें तैयार

उपायुक्त प्रीति ने कहा कि सिचांई विभाग कम्यूनिकेशन सिस्टम सही ढंग से तैयार करें। ताकि लोगों को संभावित बाढ़ के खतरों की पहले से ही जानकारी मिल सके। उन्होंने कहा कि लोक निर्माण विभाग भवन एवं मार्ग मार्किटिंग बोर्ड अपनी अपनी सड़कों की पुलियों व पुलों के कलवट की सफाई तुरंत करवा लें। उन्होंने अधिकारियों को कड़े निर्देश दिए कि अपने अपने विभागों से संबंधित बाढ़ बचाओं कार्यों एवं प्रबंधों को 15 जून तक हर हालत में पूर्ण करना सुनिश्चित करें। उपायुक्त प्रीति ने सिंचाई विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि नदी, नहरों में अवैध खनन होने पर सिंचाई विभाग के अधिकारियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। मौके पर जगाधरी के एसडीएम विश्वनाथ, व्यासपुर के एसडीएम डॉ. कुलदीप सिंह, रादौर के एसडीएम नरेंद्र कुमार, नगराधीश पीयूष गुप्ता, डिप्टी सीईओ जिला परिषद जसविंदर सिंह व डीआरओ तरूण सहोता, सिंचाई विभाग के अधीक्षक अभियंता प्रवीण गुप्ता व सिंचाई विभाग के कार्यकारी अभियंता राहिल सैनी आदि मौजूद रहे।

# अश्लील वीडियो वायरल करने की धमकी देकर दुष्कर्म करने वाला आरोपी गिरफ्तार

■ पुलिस ने आरोपी को अदालत में पेश कर न्यायिक हिरासत में भेजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

जिले की महिला थाना पुलिस टीम ने महिला की अश्लील वीडियो वायरल करने की धमकी देकर ब्लैकमेल कर दुष्कर्म करने के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी को कोर्ट में पेश कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया।

जानकारी के अनुसार थाना प्रभारी शीलावंती ने बताया कि थाना रादौर क्षेत्र की रहने वाली एक महिला ने शिकायत दर्ज करवाई कि उसका पति अपने ट्रैक्टर ट्राली से ईंटों को भट्ठे पर लाने व ले जाने का काम करता है। वह रात को भी भट्ठा पर काम करता है। दिंनाक 25 मई को जब उसका पति भट्ठे पर काम करने के लिए गया तो जगाधरी की विजय कॉलोनी निवासी आरोपी मेहताब शराब के नशे में उसके कमरे में जबरदस्ती घुस आया और उसको जबरदस्ती गलत काम करने के लिए कहने लगा। जब उसने शोर मचाने को कहा तो तभी आरोपी मेहताब ने अपने फोन मे उसकी बिना कपड़ों की नग्न वीडियों नहाते हुई की दिखाई। आरोपी ने उसे कहा कि अगर उसने शोर मचाया तो वह यह वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल कर देगा। जिससे उसे समाज में बदनाम कर दूंगा। आरोपी ने उसकी वीडियो वायरल करने की धमकी देकर बिना उसकी सहमति के जबरदस्ती उसके साथ गलत काम किया। आरोपी ने उसे जाते समय यह बात किसी को बताने पर वीडियो वायरल करने की धमकी दी।

इस शिकायत पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर तलाश शुरू कर दी थी। आरोपी को गिरफ्तार करने के लिए उप निरीक्षक सुषमा देवी के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया गया। टीम ने तुरंत कार्रवाई करते हुए आरोपी मेहताब को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपी को अदालत में पेश किया। जहां से उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया।




## खबर संक्षेप



### लोक अदालत में निपटाए चार मामले

**यमुनानगर।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वावधान में जिला जेल में लोक अदालत का आयोजन किया गया। लोक अदालत में प्राधिकरण की सचिव एवं सीजेएम सुमित्रा कादियान ने मामलों की सुनवाई की। इस दौरान लोक अदालत में चार मामले रखे गए। जिनका मौके पर निपटान किया गया। प्राधिकरण की सचिव एवं सीजेएम सुमित्रा कादियान ने बताया कि यह लोक अदालत नियमित जेल लोक अदालत है। जो हर महीने आयोजित की जाती है। मौके पर सीजेएम सुमित्रा कादियान ने जेल में कैदियों को प्रदान की जाने वाली सुविधाओं की भी जांच की। उन्होंने यह सुनिश्चित किया कि कोई भी बंदी या कैदी बिना किसी वकील के प्रतिनिधित्व के न रहें। उन्होंने कहा कि अगर कोई निजी वकील नहीं रख सकता है तो डीएलएसए उसे एक पैनल वकील या कानूनी सहायता बचाव वकील प्रदान करेगा।



### उधम सिंह बलिदान दिवस को लेकर किया विचार

**रादौर।** शहीद उधम सिंह कांबोज धर्मशाला में वीरवार को एक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता कांबोज सभा के जिला अध्यक्ष लक्ष्मी चंद कांबोज लक्सीबांस ने की। बैठक में 31 जुलाई को आयोजित होने वाले शहीद उधम सिंह के बलिदान दिवस कार्यक्रम को लेकर विचार विमर्श किया गया। बैठक में जिला अध्यक्ष लक्ष्मी चंद ने बताया कि कांबोज सभा की ओर से हर वर्ष शहीद उधम सिंह के बलिदान दिवस पर कार्यक्रम आयोजित किए जाते रहे हैं। इस अवसर पर धर्मशाला के प्रधान वेदप्रकाश, मंडी प्रधान सुभाष कांबोज, शिवकुमार संधाला, मुकेश शास्त्री अलाहर, अमित कांबोज, प्रदीप चौधरी व अन्य समाज के लोग मौजूद थे।



### नपा ने बनवाई सड़क, जलापूर्ति विभाग ने तोड़ी

**रादौर।** नगरपालिका की ओर से करोड़ों रूपये की लागत से ओड कॉलोनी में बनाई गई मेन सड़क को जलापूर्ति विभाग ने गंदे पानी की पाइपलाइन डालने के लिए उखाड़ दिया है। जिससे स्थानीय लोगों में दोनों विभागों की कार्यप्रणाली को लेकर भारी रोष है। स्थानीय निवासियों सुरेंद्र, चमनलाल, गुरविंदर, कमल, सौरभ, सुंदरलाल, जयपाल व लीलाराम आदि ने बताया कि नगरपालिका ने करोड़ों रूपये खर्च कर सड़क का निमार्ण किया था। लेकिन जलापूर्ति विभाग की ओर से पाइपलाइन डालने के लिए सड़क को उखाड़ दिया गया। पाइपलाइन डालने का काम विभाग सड़क बनने से पहले क्यों नहीं करते। इससे पहले सड़क बनवाने के लिए लोगों को दो वर्ष तक भारी परेशानी का सामना करना पड़ा था। लेकिन उसके बावजूद दूसरे विभाग ने सड़क को उखाड़ कर फिर से परेशानी पैदा कर दी है। जलापूर्ति विभाग ने करोड़ों रूपये से बनाई सड़क को बर्बाद कर दिया है।

# इन हाऊस प्रशिक्षण में टीचरों को दी तकनीकी जानकारियां



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रादौर

ग्लोब हेरिटेज इंटरनेशनल स्कूल सांगीपुर में वीरवार को इन हाउस प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। स्कूल की प्रधानाचार्य रीतू सिंगला ने बताया कि केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड के सतत व्यावसायिक विकास कार्यक्रम के अंतर्गत स्कूल परिसर में एक दिवसीय इन हाउस प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें शिक्षकों को आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के नैतिक एवं जिम्मेदार उपयोग का प्रशिक्षण दिया गया।

सिंगला ने कहा कि कार्यक्रम का उद्देश्य शिक्षकों को कृत्रिम बुद्धिमत्ता के सुरक्षित, नैतिक, प्रभावी उपयोग के प्रति जागरूक करने के साथ-साथ शिक्षकों को वर्तमान परिस्थितियों के अनुसार अद्यतन कराना है। ताकि वो उन परिस्थितियों से सामंजस्य बिठाकर आने वाली पीढ़ी को उचित प्रकार से तैयार कर सके। मुख्य वक्ता सीबीएसई प्रशिक्षक अमित सिंघल ने कहा कि वर्तमान समय में एआई क्षेत्र में तेजी से परिवर्तन ला रहा है। जिससे शिक्षकों के लिए यह आवश्यक है कि वे एआई के उपयोग से जुड़े नैतिक मूल्यों, डेटा गोपनीयता, पारदर्शिता, निष्पक्षता व उत्तरदायित्व जैसे पहलुओं को भली-भांति समझें। प्रशिक्षण के दौरान उन्होंने एआई के विभिन्न शैक्षिक अनुप्रयोगों, व्यक्तिगत शिक्षण, मूल्यांकन, कंटेंट निर्माण तथा प्रशासनिक कार्यों में इसके उपयोग पर विस्तार से प्रकाश डाला। वहीं उन्होंने एआई से उत्पन्न होने वाली चुनौतियों जैसे बायस, डीपफेक, एआई हैलुसिनेशन, कॉपीराइट उल्लंघन और डेटा सुरक्षा के विषय में भी जानकारी दी तथा इनके समाधान के लिए व्यावहारिक सुझाव साझा किए।


विजय लक्ष्मी


साक्षी


सैना प्रवीण

### विवि की मेरिट सूची में स्थान हासिल कर किया संस्थान का नाम रोशन

**रादौर।** जेएमआईटी इंजीनियरिंग कॉलेज के प्रबंधन विभाग के बीबीए प्रथम सेमेस्टर के विद्यार्थियों ने कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय की मेरिट सूची में शानदार प्रदर्शन करते हुए संस्थान का गौरव बढ़ाया है। विद्यार्थी विजय लक्ष्मी ने विश्वविद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त कर संस्थान का नाम रोशन किया। इसके अतिरिक्त साक्षी ने सप्तम स्थान व सैना प्रवीन ने अष्टम स्थान प्राप्त कर उल्लेखनीय सफलता हासिल की। संस्थान के निदेशक डॉ.एसके गर्ग ने सभी विद्यार्थियों को बधाई देते हुए कहा कि यह सफलता उनकी कड़ी मेहनत, लगन एवं समर्पण का परिणाम है। उन्होंने कहा कि जेएमआईटी विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा तथा उत्कृष्ट शैक्षणिक वातावरण प्रदान करने के लिए निरंतर प्रयासरत है, जिसके सकारात्मक परिणाम समय-समय पर देखने को मिलते हैं। इस अवसर पर प्रबंधन विभाग की अध्यक्षा डॉ.अनुजा गोयल एवं बीबीए इंचार्ज राहुल शर्मा ने विद्यार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि उनकी उपलब्धि न केवल संस्थान के लिए गर्व का विषय है, बल्कि अन्य विद्यार्थियों के लिए भी प्रेरणास्रोत है। उन्होंने आशा व्यक्त की कि विद्यार्थी भविष्य में भी इसी प्रकार उत्कृष्ट प्रदर्शन कर संस्थान एवं अपने परिवार का नाम रोशन करेंगे। संस्थान के प्राध्यापकों, कर्मचारियों एवं विद्यार्थियों ने भी सभी विद्यार्थियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# फ्री ट्रेड डील के विरोध में किसानों ने किया प्रदर्शन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

भारतीय किसान यूनियन चढ़ूनी के बैनर तले यमुनानगर में भारत-अमेरिका प्रस्तावित फ्री ट्रेड डील के विरोध में प्रदर्शन किया गया। प्रदर्शन का नेतृत्व जिला प्रधान संजू गुन्दियाना ने किया। इस दौरान किसानों, मजदूरों, युवाओं, महिलाओं और सामाजिक संगठनों से जुड़े लोगों ने सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए प्रधानमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा।

जिला प्रधान संजू गुन्दियाना ने कहा कि भारत-अमेरिका के बीच प्रस्तावित फ्री ट्रेड डील किसानों, छोटे व्यापारियों और ग्रामीण अर्थव्यवस्था के लिए बड़ा खतरा साबित हो सकती है। उन्होंने कहा कि भारत का किसान पहले ही कर्ज और बढ़ती लागत से परेशान है। ऐसे में विदेशी कंपनियों और अमेरिका के बड़े कृषि उत्पादकों के साथ प्रतिस्पर्धा करना छोटे और सीमांत किसानों के लिए संभव नहीं होगा। उन्होंने कहा कि अमेरिका में किसानों को भारी सरकारी सब्सिडी और आर्थिक सहायता मिलती है, जबकि भारत में किसान लगातार आर्थिक संकट से जूझ रहा है। यदि यह डील लागू होती है तो भारतीय बाजार में विदेशी कृषि उत्पाद सस्ते दामों पर आएंगे जिससे देश के किसानों की फसल के उचित दाम मिलना और मुश्किल हो जाएगा। किसान नेताओं ने कहा कि कृषि, खाद्य सुरक्षा और करोड़ों लोगों की आजीविका से जुड़े फैसले जनता और संबंधित संगठनों की सहमति के बिना नहीं लिए जाने चाहिए। प्रदर्शनकारियों ने केंद्र सरकार से मांग की कि भारत-अमेरिका प्रस्तावित फ्री ट्रेड डील को तुरंत प्रभाव से रद्द किया जाए और किसानों, मजदूरों, युवाओं तथा आम नागरिकों के हितों की रक्षा की जाए।

## सरस्वती हेरिटेज विकास बोर्ड के वाइस चेयरमैन ने आदिबद्री उद्गम स्थल का किया भ्रमण

# आदिबद्री भारत की सांस्कृतिक और धार्मिक विरासत का केंद्र

**भ्रमण के दौरान किरमच ने सरस्वती नदी के पुनर्जीवन परियोजना का किया अवलोकन**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

हरियाणा सरस्वती हेरिटेज विकास बोर्ड के वाइस चेयरमैन धुम्मन सिंह किरमच व भाजपा युवा मोर्चा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष मुकेश गौड़ ने आदिबद्री स्थित सरस्वती नदी उद्गम स्थल का भ्रमण कर वहां की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। मौके पर वाइस चेयरमैन धुम्मन सिंह किरमच ने सरस्वती उद्गम स्थल के दर्शन कर पूजा अर्चना की। इस दौरान उन्होंने सरस्वती नदी पुनर्जीवन परियोजना का अवलोकन किया।

बोर्ड के वाइस चेयरमैन धुम्मन सिंह किरमच ने कहा कि आदिबद्री भारत की प्राचीन सांस्कृतिक एवं धार्मिक विरासत का एक महत्वपूर्ण केंद्र है। पौराणिक मान्यताओं के अनुसार यह स्थल मां सरस्वती के उदगम से जुड़ा हुआ है। इसका विशेष धार्मिक महत्व है।

उन्होंने बताया कि आदि शंकराचार्य ने भी अपने प्रवास के दौरान इस स्थान की पवित्रता को स्वीकार किया और इसे आध्यात्मिक दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण माना। उन्होंने कहा कि आदिबद्री क्षेत्र में भगवान बद्रीनाथए बाबा केदारनाथ तथा मां सरस्वती से जुड़े पवित्र स्थलों के दर्शन के लिए प्रतिवर्ष हजारों श्रद्धालु देश के विभिन्न भागों से पहुंचते हैं।

राज्य सरकार द्वारा यहां आधारभूत सुविधाओं का विस्तार किया जा रहा है। ताकि श्रद्धालुओं को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध हो सकें। धुम्मन सिंह किरमच ने कहा कि हरियाणा सरकार द्वारा संचालित सरस्वती नदी परियोजना केवल एक विकास परियोजना नहीं है। बल्कि भारतीय संस्कृतिए इतिहास और आस्था के संरक्षण का एक महत्वपूर्ण अभियान है। इस परियोजना के माध्यम से सरस्वती नदी के जीर्णोद्धार व आने वाली पीढ़ियों को अपनी प्राचीन सभ्यता और सांस्कृतिक धरोहर से जोड़ने का कार्य किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि आदिबद्री क्षेत्र धार्मिक पर्यटन की अपार संभावनाओं से परिपूर्ण है। यहां विकसित हो रही सुविधाओं से पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा।


यमुनानगर। आदिबद्री में सरस्वती के उद्गम स्थल पर पूजा-अर्चना करते सरस्वती हेरिटेज बोर्ड के वाइस चेयरमैन धुम्मन सिंह किरमच। फोटो : हरिभूमि

# धरती बचाने का संकल्प: पर्यावरण संरक्षण अब समय की पुकार



हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

विश्व पर्यावरण दिवस प्रतिवर्ष 5 जून को मनाया जाता है। इसका मुख्य उद्देश्य नागरिकों को पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक करना और प्राकृतिक संसाधनों की सुरक्षा के लिए सामूहिक कदम उठाने के लिए प्रोत्साहित करना है। आज पर्यावरण को बचाना वाकई एक बड़ी चुनौती है। जलवायु परिवर्तन, बढ़ता प्रदूषण, और अनियंत्रित वनों की कटाई से पृथ्वी का संतुलन बिगड़ रहा है। इस संकट का सामना करने के लिए हमें व्यक्तिगत स्तर पर पेड़ लगाने, प्लास्टिक का बहिष्कार करने, और ऊर्जा बचाने जैसे कदम उठाने होंगे। इस दिवस की शुरूआत संयुक्त राष्ट्र द्वारा वर्ष 1973 में की गई थी। इसका उद्देश्य प्लास्टिक प्रदूषण, जलवायु परिवर्तन, और वनों की कटाई जैसे गंभीर मुद्दों पर वैश्विक स्तर पर काम करना है। आज जब संपूर्ण विश्व जलवायु परिवर्तन, ग्लोबल वार्मिंग, प्रदूषण और प्राकृतिक आपदाओं जैसी गंभीर समस्याओं से जूझ रहा है, तब पर्यावरण संरक्षण केवल एक विकल्प नहीं बल्कि मानव अस्तित्व की अनिवार्य आवश्यकता बन गया है।

### पर्यावरण की सुरक्षा प्रत्येक नागरिक की जिम्मेदारी : नरेश

*विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर पर्यावरणविद् नरेश भारद्वाज ने कहा कि*



*पर्यावरण संरक्षण आज समय की सबसे बड़ी आवश्यकता बन गया है। उन्होंने कहा कि बढ़ता प्रदूषण, जलवायु परिवर्तन और वनों की कटाई मानव जीवन के लिए गंभीर चुनौती हैं। यदि समय रहते ठोस कदम नहीं उठाए गए तो आने वाली पीढ़ियों को गंभीर समस्याओं का सामना करना पड़ेगा। उन्होंने लोगों से अधिक से अधिक वृक्ष लगाने, जल संरक्षण करने तथा प्लास्टिक के उपयोग को कम करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि पर्यावरण की सुरक्षा केवल सरकार की नहीं बल्कि प्रत्येक नागरिक की जिम्मेदारी है।*

### युवा पर्यावरण सजग रहेंगे तो भविष्य सुरक्षित रहेगा : सुमन

*विश्व पर्यावरण दिवस पर गीता कन्या विद्यालय अमीन रोड की प्राचार्य सुमन बाला ने कहा कि*



*बच्चों में पर्यावरण संरक्षण की भावना विकसित करना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने बताया कि विद्यालय स्तर पर पौधारोपण, स्वच्छता अभियान और पर्यावरण जागरूकता कार्यक्रमों के माध्यम से विद्यार्थियों को प्रकृति के प्रति जिम्मेदार बनाया जा सकता है। उन्होंने कहा कि आज की युवा पीढ़ी यदि पर्यावरण के प्रति सजग होगी तो भविष्य सुरक्षित रहेगा। सुमन बाला ने विद्यार्थियों को बिजली और पानी की बचत करने तथा अपने आसपास स्वच्छ वातावरण बनाए रखने की प्रेरणा दी।*

### पेड़-पौधे वर्षा व जल संरक्षण में महत्वपूर्ण : पवन मित्तल

*विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर सेवा ट्रस्ट यूके भारत के जिला कोऑर्डिनेटर*



*पवन मित्तल ने कहा कि खेती और पर्यावरण का गहरा संबंध है। उन्होंने बताया कि रासायनिक उर्वरकों और कीटनाशकों के अत्यधिक उपयोग से भूमि की उर्वरता तथा पर्यावरण दोनों प्रभावित हो रहे हैं। उन्होंने किसानों से प्राकृतिक एवं जैविक खेती को अपनाने की अपील की। कहा कि पेड़-पौधे वर्षा और जल संरक्षण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं, इसलिए प्रत्येक किसान को अपने खेतों के आसपास अधिक से अधिक वृक्ष लगाने चाहिए।*

### स्वस्थ पर्यावरण प्रत्येक व्यक्ति का अधिकार : गाबा

*नवयुग सीनियर सेकेंडरी स्कूल के डायेक्टर बीडी गाबा ने विश्व पर्यावरण*



*दिवस पर कहा कि स्वच्छ और स्वस्थ पर्यावरण प्रत्येक व्यक्ति का अधिकार है। उन्होंने कहा कि प्लास्टिक प्रदूषण आज एक गंभीर समस्या बन चुका है, जिससे भूमि, जल और जीव-जंतु प्रभावित हो रहे हैं। उन्होंने लोगों से एकल उपयोग वाले प्लास्टिक का बहिष्कार करने और कपड़े या जूट के थैलों का उपयोग करने का आग्रह किया। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि जनभागीदारी से पर्यावरण संबंधी चुनौतियों का प्रभावी समाधान संभव है।*

### प्रत्येक विद्यार्थी कम से कम एक पौधा लगाए : पिंकी

*विश्व पर्यावरण दिवस पर शिक्षिका पिंकी जैन ने कहा कि युवा पीढ़ी पर्यावरण*



*संरक्षण में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती है। उन्होंने कहा कि प्रत्येक विद्यार्थी को कम से कम एक पौधा लगाकर उसकी देखभाल करनी चाहिए। पिंकी जैन ने बताया कि स्कूलों और कॉलेजों में पर्यावरण संबंधी गतिविधियों से जागरूकता बढ़ती है और सकारात्मक बदलाव आता है। उन्होंने उन्होंने युवाओं से डिजिटल माध्यमों के जरिए पर्यावरण संरक्षण का संदेश फैलाने तथा हरित और स्वच्छ भारत के निर्माण में योगदान देने का आह्वान किया।*

## खबर संक्षेप



### विद्यार्थियों ने लगाई ठंडे मीठे पानी की छबील

**पिहोवा।** भीषण गर्मी को देखते हुए पिहोवा के अरुणाय मोड़ पर आईटीआई के विद्यार्थियों द्वारा ठंडे मीठे पानी की छबील लगाई गई। इस सेवा कार्य का शुभारंभ पिहोवा शहर के सिटी थानाध्यक्ष ने अपने हाथों से किया। इस अवसर पर सिटी थानाध्यक्ष ने विद्यार्थियों की सराहना करते हुए कहा कि समाज सेवा के ऐसे कार्य सभी युवाओं के लिए प्रेरणादायक हैं। उन्होंने कहा कि गर्मी के मौसम में राहगीरों को ठंडा पानी उपलब्ध कराना एक पुण्य कार्य है और युवाओं को बढ़-चढ़कर ऐसे सामाजिक कार्यों में भाग लेना चाहिए।

### प्रथम गर्ग को जेईई एडवांस्ड में 450 रैंक लेने पर बधाई



**लाडवा।** संजय गाँधी मेमोरियल सीनियर सेकेंडरी पब्लिक स्कूल धनोरा लाडवा के मेधावी छात्र प्रथम गर्ग, जिसने जेईई एडवांस्ड 2026 में 450 रैंक व जिला कुरुक्षेत्र में प्रथम स्थान प्राप्त किया है कुरुक्षेत्र के लोकप्रिय सांसद नवीन जिंदल एवं हिसार विधानसभा से विधायक सावित्री जिंदल ने बधाई व आशीर्वाद दिया।

### पवन मुक्त आसन व शव आसन का करवाया अभ्यास

**कुरुक्षेत्र।** भारतीय योग संस्थान के कृष्ण जिला के कुटिया क्षेत्र के अंतर्गत ज्योति नगर स्थित पार्क में पांच दिवसीय मोटापा एवं हड्डी रोग निवारण शिविर के चौथे दिन हरियाणा योग आयोग के वरिष्ठ सदस्य एवं भारतीय योग संस्थान के हरियाणा प्रांत के पूर्व संगठन मंत्री डॉ. मनीष कुकरेजा रहे। मुख्य अतिथि ने ताड़ आसन, कोण आसन, पवन मुक्त आसन व शव आसन का अभ्यास तथा हास्य आसन के अंतर्गत हिंदी भाषा के स्वरों के साथ ह व्यंजन के मेल से उत्पन्न विभिन्न ध्वनियों के माध्यम से हंसी का सुंदर अभ्यास कराया।

## अंतरराष्ट्रीय रोजगार महोत्सव में पहुंचे 5000 से अधिक युवा

# रोजगार मांगने वाला नहीं, बल्कि देने वाला बनें युवा : डॉ. अर्चना

**जर्मनी से ऑस्ट्रेलिया तक रोजगार के अवसर, विभिन्न कंपनियों ने लिए युवाओं के इंटरव्यू**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

विदेश में रोजगार पाने के इच्छुक युवाओं के लिए सांसद नवीन जिंदल के मार्गदर्शन में नवीन जिंदल फाउंडेशन की ओर से अंतर्राष्ट्रीय रोजगार महोत्सव आयोजित किया गया। नवीन अवसर कार्यक्रम के तहत हुए इस महोत्सव में हजारों की संख्या में युवा वर्ग में उत्साह दिखाया। इस अवसर पर भाजपा की नवनियुक्त प्रदेशाध्यक्ष डॉ. अर्चना गुप्ता ने कहा कि सांसद नवीन जिंदल युवाओं को रोजगार देने के मामले में देश के सामने आ रही चुनौती को स्वीकार करते हुए इससे निपटने की दिशा में कदम बढ़ाया है। उन्होंने कहा कि सांसद नवीन जिंदल द्वारा कुरुक्षेत्र में किए जा रहे स्किल ट्रेनिंग में अन्य विकास कार्यों को लेकर कुरुक्षेत्र मॉडल पूरे देश के सामने एक नजीर पेश करेगा। उन्होंने कहा कि सांसद नवीन जिंदल की सोच है कि युवाओं के अंदर हुनर हो और वे स्किल में निपुण होने को प्राथमिकता दें ताकि रोजगार के लिए किसी के सामने हाथ फैलाने की बजाय खुद का सेटअप खड़ा किया जा सके। डॉ. अर्चना गुप्ता ने कहा कि कुरुक्षेत्र लोकसभा के युवा बेहद खुशनसीब है कि उन्हें नवीन जिंदल जैसे साधन संपन्न और प्रोग्रेसिव सोच रखने वाले सांसद मिले।



**कुरुक्षेत्र।** युवाओं को प्रमाण पत्र वितरित करते अतिथिगण।

### केआईएससी के 86 में से 60 बच्चों ने जर्मन लैंग्वेज टेस्ट किया क्लियर

*पूर्व मंत्री सुभाष सुधा ने कहा कि सांसद नवीन जिंदल ने जो योजनाएं शुरू की हैं। उनसे कुरुक्षेत्र और कैथल के हजारों युवाओं को लाभ मिल रहा है। ऐसे सांसद के साथ कंधे से कंधा मिलाकर काम करना हम सब का दायित्व है। सांसद नवीन जिंदल ने उपस्थित युवाओं से संवाद करते हुए भविष्य की योजनाओं को भी उनके साथ साझा किया। इस दौरान कुरुक्षेत्र इंटरनेशनल स्किल सेंटर से वीएलसीसी के पास और छात्रों की ग्रेजुएशन सेरेमनी भी हुई। संस्थान की ओर से डॉ. मनीष मिश्रा ने बताया कि केआईएससी के 86 में से 60 बच्चों ने जर्मन लैंग्वेज टेस्ट क्लियर किया है।*

### ये रहे मौजूद

*इस अवसर पर महामंडलेश्वर डॉ. शाश्वतानंद, महामंडलेश्वर राघवेंद्र भारती,संत शंकारानंद महाराज, बड़ा उदासीन अखाड़ा से महंत महेश मुनि, पूंडरी विधायक सतपाल जाम्बा, पूर्व विधायक तेजबीर सिंह,रोहतक के पूर्व मेयर मनमोहन गोयल, डॉ. जगविंद्र विर्क, चेयरमैन गुरनाम सैनी, जिलाध्यक्ष तेजेंद्र खैहरा गोल्डी, चेयरमैन धर्मवीर मिजापुर, जिप चेयरपर्सन कंवलजीत कौर, भाजपा महिला मोर्चा की मंडल अध्यक्ष गीता शर्मा असांसद कार्यालय के प्रभारी धर्मवीर सिंह आदि मौजूद रहे।*

### विदेश में स्किल आधारित युवाओं की जरूरत फाउंडेशन करेगी लक्ष्य प्राप्ति में मदद : जिंदल


सांसद नवीन जिंदल ने कहा कि अपने चुनावी घोषणा पत्र के दौरान किए गए वादे को पूरा करते हुए उन्होंने 2 साल के अंदर कुरुक्षेत्र में आधुनिक स्किल सेंटर और बाबैन में महात्मा ज्योतिबा फुले आईटीआई की स्थापना का कार्य पूरा किया। पिछले एक साल के दौरान स्किल सेंटर के जरिए 2500 युवाओं को प्रशिक्षण देकर आत्मनिर्भर बनाया गया। 15 कॉलेज और शिक्षण संस्थानों में फाउंडेशन ने अपने प्रशिक्षण केंद्र स्थापित किए हुए हैं ताकि वहां के युवाओं को भी प्रशिक्षित किया जा सके। जल्द ही कैथल के आरकेएसडी कॉलेज में भी कैथल इंटरनेशनल स्किल सेंटर शुरू होनेजा रहा है। सांसद ने कहा कि युवा विदेश जाने के लिए सही रास्ता चुने विदेश में तकनीक और टैलेंट की जरूरत है। जमीन बेचकर विदेश जाना समस्या का हल नहीं है । बल्कि स्किल आधारित ट्रेनिंग के जरिए किसी भी फील्ड में जाकर रोजगार प्राप्त किया जा सकता है। सांसद नवीन जिंदल ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय रोजगार महोत्सव केवल एक दिन का कार्यक्रम नहीं, बल्कि यह 2047 तक प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत के अभियान को गति देने के लिए शुरू की गई निरंतर प्रक्रिया है। इसमें मुख्यमंत्री नायब सैनी और सरकार के साथ मिलकर काम किया जाएगा।

### इन कंपनियों ने लिए युवाओं के इंटरव्यू

नवीन जिंदल फाउंडेशन के बैनर तले आयोजित इस अंतरराष्ट्रीय रोजगार महोत्सव में स्वास्थ्य सेवाएं, लॉजिस्टिक्स, कंस्ट्रक्शन, आईटी, रिटेल, हॉस्पिटैलिटी, इंटरनेशनल हेल्थ केयर, इंटरनेशनल आईटी इस बीएफएसआई, इंटरनेशनल ऑटोमोबाइल, लॉजिस्टिक्स इंटरनेशनल, कंस्ट्रक्शन, पुखराज हेल्थ केयर प्राइवेट लिमिटेड, एसबीआई लाइफ इंश्योरेंस, कोटेक महिंद्रा लाइफ इंश्योरेंस, एयू स्मॉलफाइनेंस, मैन्युफैक्चरिंग, एरोस्पोर्टस तथा ऑटोमोबाइल सहित विभिन्न क्षेत्रों में रोजगार के अवसर के लिए रजिस्ट्रेशन किए गए। साथ ही जर्मनी, ऑस्ट्रेलिया, यूएई, कनाडा, ओमान, कतर, वियतनाम और अन्य देशों में रोजगार से संबंधित संभावनाओं की जानकारी दी गई। इस अवसर पर 5000 से ज्यादा प्रतिभागियों ने रजिस्ट्रेशन कराया।

## न्यूज डायरी

### उपायुक्त ने राजस्व विभाग के कानूनगो को सस्पेंड करने के दिए निर्देश



**कुरुक्षेत्र।** उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा ने समाधान शिविर के दौरान काम में लापरवाही बरतने पर राजस्व विभाग के कानूनगो को सस्पेंड करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि कानूनगो की समाधान शिविर में काफी शिकायतें आ रही थी, इसलिए उन्हें तुरंत प्रभाव से सस्पेंड किया गया है। उपायुक्त ने कहा कि समाधान शिविर में अब तक करीब 7000 शिकायतों का समाधान किया जा चुका है। उन्होंने कहा कि सोमवार और वीरवार को जिला स्तर पर लगने वाले समाधान शिविर में सभी विभागों के विभागाध्यक्ष जरूर उपस्थित हूं, इस विषय में किसी भी प्रकार की कोई लापरवाही सहन नहीं की जाएगी। समाधान शिविरों के माध्यम से प्राप्त होने वाली सभी शिकायतों को अधिकारी गंभीरता से लें। उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा वीरवार को नए लघु सचिवालय के सभागार में आयोजित समाधान शिविर में आमजन की समस्याओं को सुन रहे थे, उन्होंने मौके पर अधिकारियों को तय समय सीमा के अंदर संबंधित शिकायतों का निपटारा करने के निर्देश दिए।

### गुरुकुल कुरुक्षेत्र में आर्यवीर और आर्य वीरांगनाओं ने सीखे आत्मरक्षा के गुर



**कुरुक्षेत्र।** गुरुकुल कुरुक्षेत्र में चल रहे सार्वदेशिक आर्यवीर दल के राष्ट्रीय शिविर और आर्य वीरांगना दल के प्रान्तीय चरित्र निर्माण शिविर में आज का दिन बेहद रोमांचक और ऊर्जा से भरपूर रहा। शिविर में देश और प्रदेश से आए सभी युवा आर्यवीरों एवं आर्य वीरांगनाओं को स्वामी देवव्रत जी सरस्वती के पावन मार्गदर्शन में सेल्फ डिफेंस की विशेष ट्रेनिंग दी गई। गौरतलब है कि गुजरात के महामहिम राज्यपालश्री आचार्य देवव्रत जी की प्रेरणा ये गुरुकुल में इन शिविरों का आयोजन किया गया है जिसमें युवाओं के भोजन, आवास आदि सम्पूर्ण व्यवस्थाएं गुरुकुल के प्रधान राजकुमार गर्ग की अध्यक्षता में गुरुकुल प्रबंधन समिति द्वारा की जा रही है। सत्र के दौरान आर्यवीर दल के प्रमाणित और अनुभवी व्यायाम शिक्षकों द्वारा युवाओं को बिना हथियार के आत्मरक्षा की प्राचीन भारतीय पद्धति के विशेष गुर और दांव-पेच सिखाए गए। शिविर में युवाओं को संकट के समय धैर्य बनाए रखने और अपनी सुरक्षा स्वयं करने की तकनीकों का गहन अभ्यास कराया गया।

### बाल मनोविज्ञान और आधुनिक शिक्षा पद्धति पर हुई गहन चर्चा

**थानेसर।** श्रीमद्भगवदगीता वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में चल रहे आचार्य विकास एवं पुनश्चर्या वर्ग के बौद्धिक सत्र में मुख्य वक्ता के रूप मे



उपस्थित अध्यात्म और मनोविज्ञान की मर्मज्ञ स्वामी डॉ. अमृता दीदी ने अपने संबोधन में रामकथा एवं श्रीमद्भागवत कथा के प्रबंधन व आश्रम के माध्यम से दी जा रही निःशुल्क शिक्षा व भोजन जैसी लोक-कल्याणकारी सेवाओं को रेखांकित किया। बौद्धिक सत्र में बाल मनोविज्ञान और आधुनिक शिक्षा पद्धति पर गहन विमर्श हुआ। वक्ता ने कहा कि आधुनिक युग में माताएं अत्यधिक मोहवश बच्चों को आत्मनिर्भर नहीं बनने देतीं, जिससे बच्चे 'यांत्रिक भरण-पोषण' के शिकार हो रहे हैं और उनका स्वतंत्र मानसिक विकास अवरुद्ध हो रहा है। शिक्षकों के नैतिक दायित्वों पर प्रकाश डालते हुए यह बात पुरजोर ढंग से उठाई गई कि विद्यालयों में प्रथम दिन से ही विद्यार्थियों और विशेषकर छोटी बालिकाओं को भारतीय संस्कृति के अनुकूल शालीन व मर्यादित वस्त्र पहनने की प्रेरणा दी जानी चाहिए।

### सरकार की उपलब्धियों को प्रत्येक गांव तक पहुंचाना सुनिश्चित करें कार्यकर्ता : सुमन

**लाडवा।** हरियाणा राज्य बाल कल्याण परिषद की उपाध्यक्षा सुमन सैनी ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व की सरकार ने बीते एक वर्ष में 36 हजार युवाओं को बिना खर्ची बिना पर्ची योग्यता के आधार पर सरकारी नौकरी



दी है। यह डबल इंजन की सरकार में योग्यता के सम्मान का प्रमाण है, जो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का सबसे बड़ा संकल्प देश के युवाओं को अपने पाँवों पर खड़ा करने के लिए ठोस अवसर उपलब्ध कराना है। हरियाणा राज्य बाल कल्याण परिषद की उपाध्यक्षा सुमन सैनी वीरवार को लाडवा में आयोजित कार्यकतार्ओं की बैठक को संबोधित कर रही थी। उनका लाडवा पहुंचने पर पुष्प गुच्छ के साथ स्वागत किया गया। उपाध्यक्षा सुमन सैनी ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कार्यक्रम के समापन के बाद लाडवा विधानसभा के नागरिकों की समस्याएं सुनकर अधिकारियों को उनका समाधान करने के निर्देश भी दिए। उपाध्यक्षा सुमन सैनी ने कहा कि आप सभी कार्यकर्ता सरकार की उपलब्धियों को गांव-गांव, गली-गली, द्वार-द्वार जाकर पहुंचाना सुनिश्चित करें।

## अमेरिकी डेपुटेशन का फूंका पुतला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

अमेरिका के साथ प्रस्तावित ट्रेड डील के विरोध में भारतीय किसान यूनियन (चढ़ूनी) जुड़े किसानों ने लघु सचिवालय समक्ष प्रदर्शन किया और अमेरिकी डेपुटेशन का पुतला फूंका। प्रदर्शन की अध्यक्षता यूनियन अध्यक्ष गुरनाम सिंह चढ़ूनी ने की। सुबह सभी किसान पंचायत भवन के बाहर एकत्रित हुए। यहां से किसानों ने अमेरिकी डेपुटेशन के पुतले की अर्थी लेकर पैदल मार्च निकाला। प्रदर्शनकारी लघु सचिवालय पहुंचे और डीसी कार्यालय के सामने विरोध जताया।



इस दौरान डेपुटेशन वापस जाओ और किसान विरोधी ट्रेड डील नहीं चलेगी जैसे नारे लगाए गए। चढ़ूनी ने कहा कि अमेरिका के साथ होने वाली यह ट्रेड डील किसानों के हित में नहीं है। यदि यह समझौता लागू हुआ तो भारतीय खेती और किसानों को बड़ा नुकसान उठाना पड़ेगा। यूनियन किसी भी कीमत पर इस डील को लागू नहीं होने देगी और इसके खिलाफ आंदोलन को और तेज किया जाएगा।

### सरस्वती नदी पर दोनों तरफ दीवार बनाने का तेजी से चल रहा है कार्य : धूमन सिंह किरमच

**कुरुक्षेत्र।** सरस्वती बोर्ड के डिप्टी चेयरमैन धूमन सिंह किरमच ने कहा कि थानेसर में पीपली से लेकर झांसा रोड तक सरस्वती नदी पर दोनों तरफ दीवार बनाने का कार्य तेजी से चल रहा है। अब तक सरस्वती बोर्ड द्वारा तीन



किलोमीटर का कार्य लगभग कम्पलीट होने को है और सात किलोमीटर झांसा रोड तक बनाया जाएगा। इसका मुख्य उद्धेश्य यही है कि बरसात के सीजन में शहर में कभी पानी नहीं घुसेगा। इस कार्य के पूर्ण होने पर किसानों और आम जनता को फायदा होगा। सरस्वती बोर्ड के डिप्टी चेयरमैन धूमन सिंह किरमच वीरवार को थानेसर में सरस्वती नदी के कार्य का निरीक्षण कर रहे थे। उन्होंने आज अधिकारियों को इस प्रोजेक्ट को जल्द पूरा करने का निर्देश दिया। सरस्वती बोर्ड के डिप्टी चेयरमैन धूमन सिंह किरमच ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की इस योजना से लाखों लोगों को फायदा होगा और जितने भी घाट पवित्र तीर्थ पर इस क्षेत्र में सरस्वती के किनारे हैं, उनका भी सरस्वती बोर्ड उद्धार कर रहा है। अभी तक जितने भी मंदिर व घाट अष्टकोशी यात्रा के तहत आते हैं। उन पर भी काम चल रहा है। इसी प्रोजेक्ट में 8 नए घाट भी बनाए जा रहे हैं, ताकि दूर-दूर से आने वाले श्रद्धालुओं को सरस्वती के दर्शन हो सके। सरस्वती बोर्ड के डिप्टी चेयरमैन धूमन सिंह किरमच ने कहा कि अभी सरस्वती बोर्ड इस प्रोजेक्ट पर इस सीजन से पहले कंप्लीट करने की योजना पर काम कर रहा है और ताकि लोगों को फ्लड के सीजन में कभी दिक्कत ना आए। उन्होंने कहा कि सरस्वती बोर्ड ने अभी तक सभी नदियों का समावेश सरस्वती नदी में किया है।

### ऑल मीडिया प्रेस एसो. के प्रदेशाध्यक्ष बने सुरेंद्र कौशिक

**कुरुक्षेत्र।** ऑल मीडिया प्रेस एसोसिएशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष मुकेश कुशवाहा द्वारा कुरुक्षेत्र जिले के सुरेंद्र कुमार कौशिक को ऑल मीडिया प्रेस



एसोसिएशन का प्रदेशाध्यक्ष नियुक्त किया है। सुरेंद्र कुमार कौशिक को ऑल मीडिया प्रेस एसोसिएशन के प्रदेशाध्यक्ष बनने का समाचार लोगो को मिला, तभी से देश के कोने कोने से उनके शुभ चिंतकों द्वारा उन्हें लगातार बधाई एवं शुभ कामनाएं देने का सिलसिला अभी भी बदस्तूर जारी है। सुरेंद्र कुमार कौशिक के ऑल मीडिया प्रेस एसोसिएशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष मुकेश कुशवाहा को अपनी ओर से पूर्ण रूप से आश्वस्त किया है कि जिस आशा और विश्वास के साथ उन्हें यह जिम्मेवारी दी गई है वे अपनी ओर से संगठन को और अधिक मजबूत करने का काम करेंगे।

## अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की तैयारियों को लेकर कुरुक्षेत्र विश्वविद्यायल में रिहर्सल कार्यक्रम

# योग केवल व्यायाम नहीं, बल्कि स्वस्थ, संतुलित और सफल जीवन की आधारशिला : प्रो. दिनेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| थानेसर

कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा के दिशा-निर्देशन में खेल निदेशालय द्वारा आयुष विभाग के सहयोग से आगामी 21 जून को आयोजित होने वाले अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की तैयारियों के क्रम में विश्वविद्यालय के मल्टीपरपज हॉल में रिहर्सल कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम खेल निदेशक प्रोफेसर दिनेश राणा के कुशल मार्गदर्शन एवं नेतृत्व में संपन्न हुआ, जिसमें विभिन्न खेलों के खिलाड़ियों, प्रशिक्षकों तथा योग विशेषज्ञों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। रिहर्सल कार्यक्रम के दौरान प्रशिक्षित योग विशेषज्ञों द्वारा खिलाड़ियों को योग की मूलभूत अवधारणाओं, विभिन्न आसनों की सही तकनीक, शारीरिक एवं मानसिक लाभ तथा दैनिक जीवन में योग को अपनाने के तरीकों के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई।



**थानेसर।** योग शिविर में भाग लेते खिलाड़ी।

### योग को बनाएं दिनचर्या का हिस्सा

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए खेल निदेशक प्रोफेसर दिनेश राणा ने कहा कि आज के आधुनिक और भागदौड़ भरे जीवन में योग का महत्व पहले से कहीं अधिक बढ़ गया है। योग भारतीय संस्कृति और सभ्यता की अमूल्य धरोहर है, जिसने पूरे विश्व को स्वास्थ्य और संतुलन का संदेश दिया है। उन्होंने कहा कि योग केवल शरीर को स्वस्थ रखने का माध्यम नहीं है, बल्कि यह मन, मस्तिष्क और आत्मा के बीच संतुलन स्थापित करने की एक अद्भुत प्रक्रिया है। उन्होंने खिलाड़ियों से आह्वान किया कि वे योग को केवल एक दिवस विशेष तक सीमित न रखें, बल्कि इसे अपनी दैनिक दिनचर्या का अभिन्न हिस्सा बनाएं। नियमित योगाभ्यास न केवल विभिन्न बीमारियों से बचाव करता है, बल्कि जीवन में सकारात्मक सोच, अनुशासन और आत्मसंयम का भी विकास करता है। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में योग हर व्यक्ति के जीवन में अत्यंत उपयोगी सिद्ध होगा और स्वस्थ भारत के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। इस अवसर पर बॉक्सिंग कोच राजेश कुमार राजौंद, वॉलीबॉल कोच राजेश कुमार, हॉकी कोच मलकीत कौर, योगा इंस्ट्रक्टर रजनी देवी, आयुष विभाग के योग अधिकारी तथा विभिन्न खेलों के खिलाड़ी और अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप

### भाजपा की संगठनात्मक मीटिंग कसूहन में आज

**उचाना।** 5 जून को भाजपा की संगठनात्मक बैठक चाणक्य इंटरनेशनल स्कूल कसूहन में होगी। विधायक निजी सचिव अशोक शर्मा, कसूहन मंडल अध्यक्ष संजय चहल ने बताया कि बैठक में एसआईआर अभियान, संगठन की आगामी गतिविधियों, बूथ सशक्तिकरण एवं पार्टी के विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तृत चर्चा होगी। विधायक देवेंद्र चतरभुज अत्री का मार्गदर्शन में संगठनात्मक बैठक का आयोजन किया जा रहा है। मीटिंग शाम को 5 बजे होगी।

### आर्य गुरुकुल में बच्चे सीख रहे योग के गुर

**जींद।** आर्य प्रतिनिधि सभा हरियाणा एवं वेद प्रचार विभाग गुरुकुल कुरुक्षेत्र के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित आर्य वीर दल योग व्यायाम प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया जा रहा है। यह शिविर सात जून तक आयोजित होगा। इसमें युवा वर्ग को योग, व्यायाम, वैदिक संस्कार, अनुशासन तथा चरित्र निर्माण का प्रशिक्षण दिया जाएगा। उद्घाटन समारोह में पूर्व जिला शिक्षा अधिकारी रामभगत शर्मा ने कहा कि योग एवं वैदिक संस्कृति भारतीय जीवन पद्धति की अमूल्य धरोहर हैं।

### सोमवती अमावस्या पर बन रहा अत्यंग दुर्लभ संयोग

**उचाना।** प्राचीन राधा-कृष्ण मंदिर पुजारी सत्यनारायण शांडिल्य ने कहा कि 15 जून को है अमावस्या सोमवार के दिन है। सोमवती अमावस्या का अत्यंत दुर्लभ संयोग बन रहा है। इस दिन स्नान-दान और पितरों के तर्पण का फल हजार गुना अधिक मिलेगा।अमावस्या तिथि की शुरुआत 14 जून दोपहर 12:19 मिनट पर होगी एवं समापन 15 जून सोमवार के दिन सुबह 8:23 मिनट को होगा। यदि संभव हो तो सुबह किसी पवित्र नदी गंगा, यमुना में स्नान करें।

### परीक्षण उपरांत बीज नमूना अवमानक पाया

**जींद।** कृषि एवं किसान कल्याण विभाग के उपनिदेशक डा. गिरीश नागपाल ने बताया कि कृषि एवं किसान कल्याण विभाग द्वारा बीज गुणवत्ता नियंत्रण अभियान के अंतर्गत गत 24 अप्रैल को लोहान सेल्स कॉर्पोरेशनए दुकान नंबर 74, नई अनाज मंडी जींद से ज्वार, सूडान घास किस्म एफएस 21 का बीज नमूना लिया गया था।

## चुनाव के दौरान किया था समस्या के समाधान का वादा

# दो कॉलोनियों में पानी की निकासी के लिए योजना मंजूर, 9.93 करोड़ होंगे खर्च

1. परियोजना के तहत आधुनिक स्टॉर्म वाटर ड्रेनेज सिस्टम बनाया जाएगा
2. क्षेत्रवासियों को जलभराव की समस्या से बड़ी राहत मिलने की उम्मीद
3. जनसमस्याओं के समाधान के लिए पूरी निष्ठा से कार्य करने का भरोसा दिलाया

- पानी निकासी न होने से लोग थे बेहद परेशान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| शहजादपुर

यहां के आजाद नगर, अविनाश पुरी कॉलोनी तथा आसपास के क्षेत्र में जल निकासी की समस्या के स्थायी समाधान के लिए प्रदेश सरकार ने 9 करोड़ 93 लाख 32 हजार रुपये की परियोजना को मंजूरी दी है। परियोजना स्वीकृत होने पर दोनों कॉलोनियों के लोग बेहद खुश है। हर बरसाती सीजन में यहां पानी निकासी न होने के कारण लोगों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ता था। परियोजना की मंजूरी के बाद क्षेत्र के लोगों ने पूर्व विधायक डॉ. पवन सैनी को लड्डू खिलाकर आभार व्यक्त किया। लोगों ने कहा कि बरसात के मौसम में जलभराव की समस्या के कारण उन्हें वर्षों से परेशानियों का सामना करना पड़ता था, लेकिन अब इस परियोजना के पूरा होने से उन्हें बड़ी राहत मिलेगी।



शहजादपुर। पूर्व विधायक का आभार जताते लोग।

### जल निकासी का समाधान जल्द होगा पूरा

क्षेत्रवासियों ने मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी, जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंत्री रणबीर सिंह गंगवा का भी धन्यवाद किया। पूर्व विधायक डॉ. पवन सैनी ने कहा कि नारायणगढ़ विधानसभा क्षेत्र एवं अंबाला सदर नगर परिषद के तहत आने वाले आजाद नगर, अविनाश पुरी और आसपास के क्षेत्रों की जल निकासी की समस्या को चुनाव प्रचार के दौरान लोगों ने अवगत कराया था। उन्होंने उस समय जनता से वायदा किया था कि सरकार बनने पर इस समस्या के स्थायी समाधान के लिए विशेष परियोजना मंजूर करवाई जाएगी।

### लोगों को जल्द मिलेगी जलभराव से राहत

डॉ. पवन सैनी ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में सरकार प्रदेश के प्रत्येक क्षेत्र के समुचित विकास और जनसमस्याओं के समाधान के लिए प्रतिबद्ध है। इसी सोच के तहत इस महत्वपूर्ण परियोजना को मंजूरी मिली है। उन्होंने कहा कि यह क्षेत्र अंबाला छावनी के औद्योगिक क्षेत्र से सटा हुआ है और यहां जलभराव के कारण लोगों को आवागमन, स्वच्छता तथा स्वास्थ्य संबंधी अनेक समस्याओं का सामना करना पड़ता था। अब आधुनिक स्टॉर्म वाटर ड्रेनेज सिस्टम बनने से बरसात का पानी तेजी से निकलेगा और क्षेत्रवासियों को राहत मिलेगी। उन्होंने कहा कि उनकी प्राथमिकता है कि विधानसभा क्षेत्र के प्रत्येक गांव और शहर में मूलभूत सुविधाओं को मजबूत किया जाए। उन्होंने कहा कि क्षेत्र के विकास, रोजगार, शिक्षा, स्वास्थ्य और आधारभूत ढांचे को मजबूत करने के लिए उनके प्रयास लगातार जारी रहेंगे।

### सरकार विकास के लिए कर रही कार्य

सेनी ने मुख्यमंत्री और जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंत्री रणबीर सिंह गंगवा का विशेष धन्यवाद करते हुए कहा कि उनके सहयोग से क्षेत्र की एक महत्वपूर्ण मांग पूरी हुई है। उन्होंने क्षेत्रवासियों को बधाई देते हुए विश्वास दिलाया कि भविष्य में भी जनता की समस्याओं के समाधान और क्षेत्र के विकास के लिए पूरी निष्ठा के साथ कार्य करते रहेंगे।

# अंबाला को मिला आधुनिक ड्राइविंग प्रशिक्षण का तोहफा

## ड्राइविंग ट्रेनिंग एवं रिसर्च संस्थान व ऑटोमेटेड व्हीकल टेस्टिंग स्टेशन'' स्थापना के लिए जमीन की रजिस्ट्री हुई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

अंबाला छावनी में ''ड्राइविंग ट्रेनिंग एवं रिसर्च संस्थान'' (आईडीटीआर) और ' ऑटोमेटेड व्हीकल टेस्टिंग स्टेशन'' (एटीएस) स्थापित करने हेतु शाहपुर में 11 एकड़ जमीन की रजिस्ट्री परिवहन विभाग के नाम हो गई है। जल्द एक बड़ी ट्रांसपोर्ट कंपनी से एमओयू होना वाला है जोकि एक सप्ताह में होने की संभावना है। मंत्री अनिल विज ने कहा कि गाड़ी चलाने वालों को अपने लाइसेंस बनाने के लिए दूर-दूर ट्रेनिंग के लिए जाना पड़ता था। लाइसेंस के लिए ट्रेनिंग अनिवार्य है। इसलिए उन्होंने अंबाला छावनी में ट्रेनिंग संस्थान खुलवाने का कार्य किया। इसके लिए शाहपुर में 11 एकड़ से अधिक जमीन चयनित की गई जिसकी रजिस्टरी हो चुकी है। उन्होंने कहा यहीं पर गाड़ियों की फिटनेस भी मशीनों से टेस्ट की जाएगी। इससे सड़क सुरक्षा बढ़ेगी और आसपास के जिलों में फायदा होगा।

परिवहन मंत्री ने बताया कि ''ड्राइविंग ट्रेनिंग एवं रिसर्च संस्थान और ऑटोमेटेड व्हीकल टेस्टिंग स्टेशन'' की स्थापना से प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रूप से सैकड़ों लोगों के लिए रोजगार के अवसर सृजित होगें। उन्होंने बताया कि इस संस्थान के माध्यम से आसपास के जिलों के हजारों प्रशिक्षित युवाओं को ओर अधिक हुनरमंद बनाने अर्थात अधिक कौशलयुक्त तैयार किया जाएगा।

### हाईटेक टेस्टिंग से बढ़ेगी सड़क सुरक्षा

आटोमेटेड व्हीकल टेस्टिंग स्टेशन की स्थापना से प्रति सप्ताह लगभग 300 वाहनों की फिटनेस की जांच की जाएगी। विज ने बताया कि वे चाहते हैं कि हरियाणा में परिवहन सुविधाओं को और अधिक सुचारू व सुगम बनाया जाए और इसके लिए उनके द्वारा नित नए दिन तकनीकी रूप से आधुनिक तरीके से सेवाओं को लोगों तक पहुंचाने का कार्य किया जा रहा है।
गौरतलब है कि ड्राइविंग ट्रेनिंग एवं रिसर्च संस्थान (आईडीटीआर) सड़क सुरक्षा को बढ़ावा देने और आधुनिक ड्राइविंग कौशल सिखाने के लिए सरकार द्वारा स्थापित विशेष केंद्र हैं। इनकी मुख्य विशेषताएं वैज्ञानिक प्रशिक्षण, अत्याधुनिक सिमुलेटर, ऑटोमेटेड ड्राइविंग ट्रैक, और विभिन्न प्रकार के वाहनों (लाइट/हैवी) के लिए व्यापक पाठ्यक्रम हैं। ये संस्थान सुरक्षित ड्राइविंग और दुर्घटनाओं को कम करने पर ध्यान केंद्रित करते हैं। ऑटोमेटिक व्हीकल टेस्टिंग स्टेशन में गाड़ियों की फिटनेस टेस्टिंग ऑटोमेटिक मशीनों से होती है। इन स्टेशन पर व्हीकल की फिटनेस टेस्टिंग कराने के बाद फिटनेस सर्टिफिकेट मिलता है, ये सर्टिफिकेट पूरे देश में वैलिड होता है। टेस्टिंग स्टेशन में गाड़ियों के टेस्ट के बाद सड़क दुर्घटना में कमी आती है क्योंकि अगर कोई गाड़ी टेस्टिंग के दौरान अनफिट हो तो उसे सड़क पर चलने के लिए फिटनेस सर्टिफिकेट नहीं दिया जाता है। टेस्टिंग में गाड़ियों के सभी तकनीकों पर गौर किया जाता है।

# ऑपरेशन मैदान': हेरोइन और गांजे के साथ तीन नशा तस्कर गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

'ऑपरेशन मैदान' अभियान के तहत पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। पुलिस ने मजबूत सूचना तंत्र के आधार पर मुस्तैदी दिखाते हुए तीन अलग-अलग मामलों में तीन नशा तस्करों को प्रतिबंधित नशीले पदार्थों सहित काबू किया है। थाना अंबाला शहर पुलिस ने मुस्तैदी दिखाते हुए काज़ीवाड़ा अंबाला शहर के रहने वाले आरोपी दीपांशु को 10.36 ग्राम हेरोइन के साथ रंगे हाथों गिरफ्तार किया है।

जांच में सामने आया है कि आरोपी दीपांशु एक शातिर अपराधी है। उसके खिलाफ पहले भी अंबाला शहर थाने में एनडीपीएस एक्ट और मोटरसाइकिल चोरी के मामले दर्ज हैं।



अंबाला। नशा तस्करी में काबू आरोपी।

आरोपी पहले दर्ज हुए एक केस में न्यायालय से जमानत पर बाहर चल रहा था, आरोपी ने फिर से वारदात को अंजाम दिया। इसी तरह थाना अंबाला सदर पुलिस टीम ने आरोपी जोगा सिंह निवासी गांव बलाना को 12.47 ग्राम हेरोइन सहित काबू किया है। एसएचओ शंभू लाल ने बताया कि आरोपी के खिलाफ पहले भी एनडीपीएस एक्ट अन्य धाराओं में दर्जनों मामले दर्ज हैं।

आरोपी जमानत मिलते ही तुरंत अपराध करने लगता है। इसी तरह एक अन्य मामले में थाना महेश नगर पुलिस ने रामकिशन कॉलोनी के सुरेश कुमार को टांगरी बांध के नजदीक से दबोचा। पुलिस ने उसके कब्जे से 180 ग्राम गांजा बरामद किया है। आरोपी के खिलाफ केस दर्ज किया गया है।

# पति को अमेरिका भेजकर पत्नी को छोड़ा बेसहारा

- दहेज में 20 लाख और कार की डिमांड
- एनआरआई परिवार पर दहेज उत्पीड़न, मारपीट का केस दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बराड़ा

शादी के कुछ दिनों बाद दहेज की मांग को लेकर बहू को प्रताड़ित करने और फिर उसे बेसहारा छोड़ देने का मामला सामने आया है। यहां की रहने वाली एक युवती की शिकायत पर पुलिस ने उसके पति और सास के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पीड़िता अमनदीप कौर ने पुलिस को दी शिकायत में आरोप लगाया कि उसकी शादी 12 दिसंबर 2025 को पिहोवा के एनआरआई जसपाल सिंह के साथ हुई थी। शादी में उसके माता-पिता ने अपनी हैसियत से बढ़कर दान-दहेज दिया, लेकिन शादी के एक सप्ताह बाद ही ससुराल पक्ष ने 20 लाख रुपये नकद और एक बड़ी कार की मांग शुरू कर दी। पीड़िता का पति व ससुर अमेरिका के सिटीजन है। पीड़िता की शादी के करीब एक सप्ताह बाद मेरी सास व तीनों ननदे उसे शादी में कम दहेज लाने का ताना मारने लगी और कहने लगी कि तेरे माता पिता ने हमें शादी में कुछ नही दिया।

### बिना बताए अमेरिका गया पति

पीड़िता ने पुलिस को दी अपनी शिकायत में बताया कि 09.01.2026 को पीड़िता का पति उसे बिना बताए ही अमेरिका चला गया और वहां पहुंचकर उसने उसके साथ आज तक कोई बातचीत भी नहीं की। जब पीडिता उसके फोन पर काल की तो उसका नंबर बंद आने लगा। पति के जाने के बाद पीडिता के सास-ससुर व तीनों ननदों ने पीड़िता को प्रताड़ित करना शुरू कर दिया। हर रोज उसे किसी ना किसी बात पर तंग करते और धमकाते कि हमारे साथ अगर रहना है तो अपने घर से पैसे लेकर आने होंगे और धमकाया कि यदि तूने इस बारे में किसी को भी कुछ बताया या पुलिस में शिकायत की तो हम तुझे मिट्टी का तेल डाल कर जला देंगे। कहेंगे कि खाना बनाते से यह हादसा हो गया। 28 जनवरी 2026 को पीड़िता की माता व भाई पीड़िता को मायके ले जाने के लिए ससुराल में आए तो सास-ससुर ने उसे धमकाते हुए कहा कि यदि तुने यहां हमारे बारे में किसी को कुछ बताया तो हम तेरी माता व भाई को भी मार देंगे। 3 अप्रैल 2026 को लडकी के माता-पिता, नानी, मासी-मासड़ उसे उसकी ससुराल पिहोवा में छोड़ने गए तो घर पर पहुंचने पर लडकी के ससुराल वालों ने गेट तक नहीं खोला। तकरीबन एक घंटा घर से बाहर खड़ा रहने के बाद पीडिता ने 112 नम्बर डायल करके पुलिस को सूचना दी, जिन्होंने मौके पर आकर लडकी के ससुराल वालों से गेट खोलने को कहा तो ऊपर से पीडिता की ननद मोना ने पुलिस को कहा कि मेरी माता बाहर गई हुई है।

# अमेरिका के साथ ट्रेड डील को लेकर भाकियू का फूटा गुस्सा

- किसानों ने मोदी और ट्रंप का फूंका पुतला
- एफटीए को बताया खेती, रोजगार और आत्मनिर्भरता पर हमला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बराड़ा



अमेरिका के बीच प्रस्तावित फ्री ट्रेड एग्रीमेंट (एफटीए) के विरोध में वीरवार को भारतीय किसान यूनियन का गुस्सा सड़कों पर फूट पड़ा। भाकियू के जिला प्रधान मलकीत सिंह के नेतृत्व में सैकड़ों किसानों ने सरकार के खिलाफ जोरदार नारेबाजी करते हुए प्रदर्शन किया और पीएम मोदी और अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का पुतला फूंककर अपना विरोध दर्ज कराया। बाद में किसानों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नाम एसडीएम को ज्ञापन सौंपा। प्रदर्शनकारी किसानों ने आरोप लगाया कि भारत-अमेरिका फ्री ट्रेड डील देश के किसानों, मजदूरों और छोटे कारोबारियों के हितों के खिलाफ है। किसानों का कहना था कि अगर यह समझौता लागू हुआ तो भारतीय कृषि क्षेत्र पर गंभीर संकट खड़ा हो जाएगा और लाखों किसानों की आजीविका प्रभावित होगी। भाकियू जिला प्रधान मलकीत सिंह ने कहा कि भारत का किसान पहले ही बढ़ती लागत, घटते मुनाफे और प्राकृतिक आपदाओं से जूझ रहा है। ऐसे समय में अमेरिकी कृषि उत्पादों के लिए भारतीय बाजार खोलना किसानों को बर्बादी की ओर धकेलने जैसा होगा। उन्होंने कहा कि अमेरिका में बड़े स्तर पर खेती होती है और वहां किसानों को भारी सरकारी सब्सिडी मिलती है जबकि भारत का अधिकांश किसान छोटा और सीमांत किसान है।

### एफटीए के खिलाफ चेतावनी

ऐसे में दोनों देशों के किसानों के बीच प्रतिस्पर्धा असमान और अन्यायपूर्ण होगी। किसानों ने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि सरकार ने किसानों की राय को नजरअंदाज कर एफटीए लागू करने की कोशिश की तो देशभर में बड़े स्तर पर आंदोलन छेड़ा जाएगा। उन्होंने कहा कि कृषि, खाद्य सुरक्षा और करोड़ों लोगों की रोजी-रोटी से जुड़े मुद्दों पर बंद कमरों में फैसले नहीं लिए जा सकते। किसानों ने प्रधानमंत्री को भेजे ज्ञापन में मांग की कि भारत-अमेरिका प्रस्तावित फ्री ट्रेड डील को तत्काल प्रभाव से रद्द किया जाए तथा किसानों, मजदूरों, युवाओं, महिलाओं और आम नागरिकों के आर्थिक हितों की सुरक्षा सुनिश्चित की जाए।

### हादसे में युवक की जान गई, लापरवाह वाहन चालक की वजह से हुआ हादसा

**अंबाला।** नेशनल हाईवे-44 अंबाला-राजपुरा मार्ग पर मंजी साहब गुरुद्वारे के पास सड़क हादसा हो गया। इस हादसे में 29 वर्षीय युवक की मौत हो गई। तेज रफ्तार वाहन ने युवक को टक्कर मारी और चालक वाहन समेत मौके से फरार हो गया। राहगीरों की सूचना पर पहुंची डायल 112 पुलिस ने घायल को नागरिक अस्पताल पहुंचाया। यहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक की पहचान सिटी के खटीक मोहल्ला (कैथ माजरी) के आकाश के रूप में हुई है। मृतक के चाचा मदन लाल ने बताया कि आकाश रात करीब 10 बजे काम के सिलसिले में गुरुद्वारे की तरफ गया था। देर रात करीब 1 बजे किसी वाहन ने उसे अपनी चपेट में ले लिया।

# चोरी के तीन मामलों में चार काबू, भेजे जेल

- दो मोटरसाइकिल, सामान और वारदात में प्रयुक्त ई-रिक्शा बरामद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

पुलिस ने चोरी की वारदातों पर अंकुश लगाने के लिए अभियान चलाया हुआ है। चोरी के तीन अलग-अलग मामलों में अम्बाला पुलिस ने कार्रवाई करते हुए मामले में संलिप्त चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

**केस-1** जांच अधिकारी सहायक उप निरीक्षक राजकुमार ने बताया कि शिकायतकर्ता विनोद कुमार निवासी कुलपुर तहसील मुस्तफाबाद ने 7 मई 2026 को शिकायत दी थी कि 4 मई 2026 को गुरदेव मोहल्ला से आरोपी ने उसकी मोटरसाईकिल चोरी कर ली है। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए मामले में सलिप्त आरोपी शुभम निवासी गांव सबलपुर थाना छप्पर जिला यमुनानगर को जगाधरी से गिरफ्तार कर मोटरसाईकिल बरामद की है। आरोपी के खिलाफ पहले भी थाना यमुनानगर, जगाधरी में मारपीट, चोरी, स्नैचिंग व लूट के पांच मामले दर्ज हैं।

### केस-2 चोरी का मामला सुलझाया

चोरी के दूसरे मामले में शिकायतकर्ता रविंद्र निवासी तंदूरा बाजार ने शिकायत दी थी कि 31 मई 2026 को आरोपी ने उसकी मोटरसाईकिल चोरी की है। इस शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज तत्परता कार्रवाई करते हुए मामले में संलिप्त आरोपी राहुल उर्फ अजय व पवन कुमार निवासी गांव बडी घेल को काबू कर मोटरसाइकिल बरामद की है।

### केस-3 बंद मकान में चोरी, आरोपी गिरफ्तार

शिकायतकर्ता संदीप कुमार ने पुलिस को दी शिकायत में बताया था कि 3 जून 2026 को आरोपी ने आनंद विहार स्थित बंद पड़े मकान का ताला तोड़कर बिजली की तारें, टोंटियां चोरी की हैं। पुलिस ने मामला दर्ज कर तत्परता से कार्रवाई करते हुए आरोपी कर्ण कुमार वासी कुम्हार मंडी को चोरीशुदा सामान व वारदात में प्रयुक्त ई-रिक्शा सहित काबू किया।

### गोयल स्वीट्स फायरिंग मामला: शूटरों को पनाह तथा हथियार सप्लाई करने वाला शातिर आरोपी काबू

**अंबाला।** पुलिस द्वारा अपराधों की रोकथाम व आपराधिक मामलों में वांछित अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत सीआईए-1 की टीम ने थाना नारायणगढ़ में दर्ज 'जान से मारने की नीयत से फायरिंग करने व फिरौती मांगने' के मामले में मुख्य आरोपियों को पनाह देने वाले एक शातिर आरोपी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार किए गए आरोपी की पहचान शिवम उर्फ शुभम उर्फ भंडा के तौर पर हुई जोकि जालंधर की इंदिरा कॉलोनी का रहने वाला बताया जा रहा है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से 05 जिंदा कारतूस (रौंद) बरामद किए हैं। पुलिस ने आरोपीको 5 दिन के रिमांड पर लिया है। सीआईए-1 के प्रभारी निरीक्षक हरजिंद्र सिंह ने बताया कि शिकायतकर्ता प्रदीप कुमार ने 24 मई 2025 को शिकायत दर्ज करवाई थी कि मोटरसाइकिल सवार बदमाशों ने 'गोयल स्वीट्स' पर जान से मारने की नीयत से अंधाधुंध फायरिंग की थी।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
ऑफिस नं.: 9253681019-20, फोन : 9253681010, 9253681005

## क्विज, पोस्टर, भाषण व रंगोली प्रतियोगिताओं में विद्यार्थियों ने प्रतिभा दिखाई

# आईटीआई होली में राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी दिवस उत्साह से मनाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बराड़ा

हरियाणा राज्य विज्ञान, नवाचार एवं प्रौद्योगिकी परिषद के दिशा-निर्देशानुसार राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (आईटीआई), होली में लगातार तीसरी बार राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी दिवस का आयोजन उत्साहपूर्वक किया गया। कार्यक्रम में हरियाणा राज्य विज्ञान, नवाचार एवं प्रौद्योगिकी परिषद के वैज्ञानिक एवं संसाधन व्यक्ति डॉ. राहुल तनेजा मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी दिवस के उपलक्ष्य में संस्थान के प्रशिक्षुओं के बीच क्विज



बराड़ा। प्रदर्शनी में बच्चों के हूनर को देखते हुए मुख्यातिथि।

प्रतियोगिता, पोस्टर मेकिंग, भाषण प्रतियोगिता, रंगोली प्रतियोगिता सहित विभिन्न रचनात्मक एवं तकनीकी प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। प्रतियोगिताओं में छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और अपनी प्रतिभा, वैज्ञानिक सोच तथा तकनीकी ज्ञान का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। मुख्य अतिथि डॉ. राहुल तनेजा ने अपने संबोधन में प्रशिक्षुओं को बौद्धिक संपदा अधिकार (आईपीआर) से जुड़े महत्वपूर्ण विषयों जैसे पेटेंट, ट्रेडमार्क, कॉपीराइट एवं डिजाइन के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी। उन्होंने कहा कि नवाचार और तकनीकी विकास के इस युग में युवाओं को अपने विचारों और अविष्कारों की सुरक्षा के प्रति जागरूक होना आवश्यक है।

### विद्यार्थियों ने विज्ञान और तकनीक में दिखाई प्रतिभा

कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए संस्थान के प्रधानाचार्य अश्वनी कुमार ने कहा कि राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी दिवस भारत की वैज्ञानिक एवं तकनीकी उपलब्धियों का प्रतीक है। ऐसे आयोजन विद्यार्थियों में वैज्ञानिक दृष्टिकोण, नवाचार की भावना और तकनीकी दक्षता विकसित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने विद्यार्थियों को विज्ञान और तकनीक के क्षेत्र में नए आयाम स्थापित करने के लिए प्रेरित किया। विभिन्न प्रतियोगिताओं में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को डॉ. राहुल तनेजा द्वारा मेडल एवं प्रमाण-पत्र देकर सम्मानित किया गया। विजेताओं के सम्मान के दौरान उपस्थित विद्यार्थियों ने तालियों की गड़गड़ाहट से उनका उत्साहवर्धन किया। कार्यक्रम में मातेश्वरी अहिल्याबाई होल्कर राजकीय आईटीआई नोहनी के प्रधानाचार्य सुरेंद्र कुमार विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। इसके अलावा उप-प्रधानाचार्य सुलतान सिंह, प्लेसमेंट अधिकारी अनिल गर्ग तथा संस्थान के सभी अनुदेशकों एवं कर्मचारियों ने कार्यक्रम को सफल बनाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया। कार्यक्रम का सफल मंच संचालन अनुदेशिका दिव्या ज्योति ने किया। अंत में राष्ट्रीय गान के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ तथा प्रधानाचार्य अश्वनी कुमार ने मुख्य अतिथि, विशेष अतिथि, प्रतिभागियों, विजेताओं और आयोजन समिति के सभी सदस्यों का आभार व्यक्त किया।